RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 176 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 16 जून, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# ईरान में फंसे 10 हजार भारतीय छात्र, कश्मीरी छात्र घायल

## जमीन के रास्ते निकालने की इजाजत, भारत करेगा रेस्क्यू

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ईरान के खिलाफ इजरायल के द्वारा 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' लॉन्च किए जाने के बाद दोनों देशों ने हमले तेज कर दिए हैं। ईरान में 170 से ज्यादा जगहों और 720 सैन्य बुनियादी ढांचों को निशाना बनाते हुए इजरायल ने हमला किया है। ईरान के टॉप अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों सहित 14 सीनियर अधिकारी मारे जा चुके हैं। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए करीब 200 बैलिस्टिक मिसाइलों और 100 ड्रोनों से इजरायल को निशाना बनाया। इसके साथ ही तेल अवीव और यरुशलम सहित सैन्य और नागरिकों वाली जगहों पर पर हमले किए। अब तक दोनों देशों की तरफ से कई दौर के हमले किए जा चुके हैं। इज़रायल और ईरान के बीच संघर्ष रातों-रात तेज हो गया।

इजरायल और ईरान युद्ध के बीच ईरान में 10 हजार भारतीय छात्र फंसे हुए हैं। ईरान पर हुए हमले में 2 भारतीय छात्र घायल हुए हैं। ईरान ने भारतीय सहित विदेशी छात्रों को जमीनी रास्ते ईरान से निकालने की इजाजत दे दी है। भारतीय छात्र अजरबैजान, तुर्किस्तान और अफगानिस्तान की सीमा से निकल सकते हैं।

दोनों देशों के नेता इस बात पर जोर दे रहे हैं कि लड़ाई जारी रहेगी. इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लगातार हमले करने की कसम खाई है और ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स ने बड़ा



जवाब देने का वादा किया है। ईरान ने कहा है कि जब तक इजरायल की तरफ से हमला जारी रहेगा, वह सीजफायर पर बात नहीं करेगा। इजरायली हमलों में ईरान में 224 से ज्यादा नागरिकों की मौत हो गई है।

वहीं, सोमवार सुबह ईरान ने सेंट्रल इजरायल को निशाना बनाते हुए मिसाइलें दागी। जिससे कई इमारतें सेकेंडों में जमींदोज हो गई। इस हमले में 29 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आ रही है। इजरायली स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि इस हमले में घायल हुए 29 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिनमें से 2 अन्य लोगों की हालत थोड़ी गंभीर है. घायलों में 10 वर्षीय बच्चा भी शामिल है। इससे पहले ईरान के हमलों में करीब 14 इज़रायली नागरिकों के मारे जाने की खबरें सामने आई थीं और करीब 390 लोग घायल बताए जा रहे हैं।



### ईरान से 10 हजार भारतीयों को रेस्क्यू करेगा भारत

इजरायल से जंग के बीच ईरान में फंसे भारतीयों को सकुशल बाहर निकाला जाएगा। इसके लिए भारत सरकार ऑपरेशन शुरू करने जा रही है। ईरान सरकार ने भारतीयों सहित विदेशी नागरिकों को सुरक्षित उनके मुल्क भेजने पर सहमति जता दी है। ईरान में फिलहाल 10 हजार भारतीय हैं, जिनमें एक बड़ी संख्या भारतीय छात्रों की है, जो ईरान के विभिन्न मेडिकल और धार्मिक संस्थानों में पढ़ाई कर रहे थे। इन्हें अजरबैजान, तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान बॉर्डर के जरिए बाहर निकाला जाएगा।

### तेहरान में हमला, 2 कश्मीरी छात्र घायल

इजरायल और ईरान में चौथे दिन भी संघर्ष जारी है। इसी बीच जानकारी आ रही है कि तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए छात्रावास के पास हमला हुआ। इस हमले में दो भारतीय छात्र घायल हो गए। ये दोनों छात्र कश्मीर के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि सुरक्षा के लिए यूनिवर्सिटी ने दोनों छात्रों को रामसर में ट्रांसफर कर दिया है।

## ट्रंप को मारने की साजिश : नेतन्याहू



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ईरान से जंग के बीच इजरायल लगातार आक्रामक होता जा रहा है। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि ईरान ने उन्हें और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मारने की कोशिश की।

नेतन्याहू का दावा है कि ईरान की सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश रची है. ट्रंप के सख्त रवैये की वजह से ईरान उन्हें अपना दुश्मन नंबर एक मानता है।

इजरायली पीएम नेतन्याहू ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा कि वे उन्हें (ट्रंप) मारना चाहते हैं. वह दुश्मन नंबर एक है. वह निर्णायक नेता है। उन्होंने कभी ऐसा रास्ता नहीं चुना, जहां उन्हें (शेष पृष्ठ-4 पर)

# देश में जनगणना और जातीय जनगणना शुरू



### ● जनगणना-2 चरणों में होगी, 1 मार्च 2027 तक पूरी होगी जनगणना

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश को लंबे समय से जनगणना का इंतजार था और आखिर समय आ गया है जब यह प्रक्रिया शुरू हो गई है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत जनगणना और जातीय जनगणना से संबंधित ऑफिशियल गैजेट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. इसके बाद अब जनगणना से जुड़ी विभिन्न एजेंसियां सक्रिय हो जाएंगी. पहले स्टाफ की नियुक्ति, ट्रेनिंग, फॉर्मेट तैयार करना और फील्ड वर्क की प्लानिंग की जाएगी. देश में पहली बार जनगणना और जातिगत जनगणना एक साथ कराई जा रही है।

वैसे तो भारत में जनगणना हर 10 साल बाद होती है, जिसके जरिए देश की आबादी, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और अन्य महत्वपूर्ण आंकड़ों को जमा किया जाता है. जनगणना दुनिया के सबसे बड़े प्रशासनिक अभ्यासों में से एक है, जिसे गृह मंत्रालय के तहत आने वाला ऑफिस ऑफ रजिस्ट्रार जनरल और सेंसस कमिश्नर करवाता है। कोरोना महामारी के कारण 2021 में होने वाली जनगणना टल गई थी और अब यह 2025 में शुरू हो रही है। इसके बाद (शेष पृष्ठ-4 पर)

### जनगणना के बाद परिसीमन

जनगणना की पूरी प्रक्रिया एक मार्च 2027 तक खत्म हो जाएगी, जो लगभग 21 महीनों में पूरी होगी। जनगणना का प्राइमरी डेटा मार्च 2027 में जारी हो सकता है, जबकि डिटेल डेटा जारी होने में दिसंबर 2027 तक का वक्त लगेगा। इसके बाद लोकसभा और विधानसभा सीटों का परिसीमन 2028 तक शुरू हो सकता है. इस दौरान महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण भी लागू किया जा सकता है। यानी 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले-पहले महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों की तस्वीर साफ हो सकती है।

# नोएडा में छुपा बांग्लादेशी गिरफ्तार

## बख्तावरपुर के पीजी में कर रहा था नौकरी, बहन को भी भारत लाने की फिराक में

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अवैध तरीके से बॉर्डर क्रॉस कर नोएडा आए बांग्लादेशी को थाना सेक्टर 126 पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इसके पास से भारत के फर्जी आधार कार्ड पासपोर्ट पैन कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पकड़ा गया आरोपी अपनी बहन को भी फर्जी तरीके से बांग्लादेश से भारत में लाने की फिराक में था।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि बख्तावरपुर गांव के सामने एक संदीप व्यक्ति खड़ा हुआ है जो बांग्ला भाषा बोल रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए स्थान पर छापा मार कर ट्रांसफार्मर के पास खड़े एक युवक को पकड़ा। आरोपी ने अपना नाम आशिफ शेख पुत्र अब्दुल शेख निवासी हाल पता पैराडाइज पीजी ग्राम बख्तावरपुर बताया।



शुरुआत में आसिफ शेख ने पुलिस को बरगलाने की कोशिश की लेकिन बाद में उसने स्वीकार किया कि वह मूल रूप से बांग्लादेश का रहने वाला है। तलाशी में इसके पास से एक आधार कार्ड पैन कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस पासपोर्ट जन्म प्रमाण पत्र दो मोबाइल फोन बरामद हुए। आसिफ शेख ने बताया कि उसने आधार कार्ड पैन कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस गाजियाबाद के इंदिरापुरम में एक दुकान से कूट रचना करके बनवाया था तथा एक आधार कार्ड व पासपोर्ट महाराष्ट्र के पुणे से भी बनवाया था। 2015 मेंवह इंदिरापुरम गाजियाबाद में आकर एक पीजी में नौकरी करने लगा। धीरे-धीरे उसने यही के पते पर अपना आधार कार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस बनवा लिया। वर्ष 2023 में उसने रायपुर बख्तावरपुर गांव में पीजी किराए पर लेकर उसका संचालन करने लगा।

आसिफ शेख ने बताया कि उसका बड़ा भाई मोहम्मद आलम शेख भी फर्जी कागजातों के जरिए बांग्लादेश से अवैध रूप से आकर गाजियाबाद के इंदिरापुरम में रह रहा था। वर्ष 2018 में पुलिस ने उसे अवैध तरीके से भारत में प्रवास करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आसिफ शेख के मुताबिक वह अपनी बहन को अवैध रूप से बॉर्डर पार करने के लिए उसके भी फर्जी दस्तावेज (शेष पृष्ठ-4 पर)

# एअर इंडिया की फ्लाइट में खराबी, हॉन्गकॉन्ग लौटी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हॉन्गकॉन्ग से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट U AI315 को बीच उड़ान में तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उसे वापस हांगकांग लौटना पड़ा. बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की ओर से ऑपरेटेड यह फ्लाइट U AI315 हॉन्गकॉन्ग से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। ये जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है। विमान को हॉन्गकॉन्ग में सुरक्षित रूप से उतारा गया और सभी यात्री सुरक्षित बताए गए. तकनीकी टीमें वर्तमान में विमान की जांच कर रही हैं ताकि समस्या का कारण पता लगाया जा सके। इससे पहले हैदराबाद जा रहे लुफ्थांसा के एक विमान को बम की धमकी के बाद लैंडिंग क्लीयरेंस नहीं (शेष पृष्ठ-4 पर)

### सऊदी एयरलाइंस के विमान के पहिए में निकली चिंगारी



**लखनऊ ( एजेंसी )।** लखनऊ एयरपोर्ट पर सऊदी एयरलाइंस के एक विमान में लैंडिंग के दौरान तकनीकी खराबी आ गई। विमान के पहिए से चिंगारी और धुआं निकलने लगा। इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# कार सवार दबंगों ने गार्ड को पीटा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के सेक्टर 53 में कार सवार युवकों ने सिक्योरिटी गार्ड्स के साथ मारपीट की। मारपीट में दो गार्ड को चोट आई है।

गिझोड गांव में रहने वाले जयप्रकाश भारद्वाज ने बताया कि वह रिसेट भारद्वाज सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का काम देखता है। 15 जून की रात्रि को सेक्टर 53 में ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने उसे फोन कर सोसाइटी में बुलाया था। वह गार्ड से बात कर रहा था इस दौरान तेज रफ्तार में एक होंडा सिटी कार उनके पास आकर रुकी। कार से उतरे युवकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान दूसरे गार्ड ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन उनको ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट करने के बाद आरोपी युवक जान से मारने की धमकी



देकर मौका से फरार हो गए।

उन्होंने इसकी सूचना तुरंत थाना सेक्टर-24 पुलिस को थी। मौके पर पहुंचर पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जयप्रकाश भारद्वाज के मुताबिक मारपीट की पूरी घटना सेक्टर के गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है की पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो फुटेज व कार नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।



**नोएडा में ट्रैफिक पुलिस द्वारा काली फिल्म लगी गाड़ियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। कुलेसरा-हल्दौनी तिराहे पर काली फिल्म लगे वाहनों की काली फिल्म को उतार दिया गया।**

# गाजियाबाद का छात्र ईरान में फंसा





**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** इजरायल और ईरान के बीच जंग ने भारत सरकार की चिंता बढ़ा दी है। ईरान में भारतीय मूल के 10 हजार छात्र फंसे हुए हैं। गाजियाबाद के लोनी इलाके से ताल्लुक रखने वाला रिज़वान हैदर, जो कि ईरान की राजधानी तेहरान में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है, इस तनावपूर्ण हालात में फंस गया है। रिज़वान निवासी बेहटा हाजीपुर कुछ महीनों (शेष पृष्ठ-4 पर)

## जुडियो शोरूम से युवती का लैपटॉप बैग चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** चोरों ने अलग-अलग स्थान पर चोरी के दो घटनाओं को अंजाम दिया ।चोर एक युवती का लैपटॉप, मोबाइल फोन जरूरी दस्तावेज तथा युवक का मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। सेक्टर-76 में रहने वाली महिमा जैन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 12 जून की रात को सेक्टर 50 के जुडियो शोरूम में खरीदारी करने गई थी। वह खरीदारी करने में व्यस्त थी इस दौरान किसी ने मौका पाकर उनके लैपटॉप बैग चोरी कर लिया। बैग में लैपटॉप, चार्जर, दो मोबाइल फोन एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और उसका डीएल रखा हुआ था। उन्होंने अपने बैग को काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पीड़िता की शिकायत पर थाना सेक्टर 49 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं थाना सेक्टर 63 में अजय रंजन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 31 मार्च को सेक्टर 63 से उसका आई फोन चोरी हो गया था।

# सेक्टर-11 पहुंची प्राधिकरण के जल विभाग की टीम

## जीएम ने सुनी समस्याएं, आरडब्ल्यूए को दिया समाधान का आश्वासन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग के महाप्रबंधक आरपी सिंह ने सेक्टर 11 के निवासियों को आश्वासन दिया की बहुत ही शीघ्र जल से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दिशा में जल विभाग की पूरी टीम नोएडा के सेक्टरों में लोगों की समस्याओं के निस्तारण में तेजी से लगी हुई है। कहीं से कोई शिकायत आती है उसका तुरंत समाधान कर दिया जाता है। वे सेक्टर 11 में बारात घर में आरडब्ल्यूए तथा फोनरवा के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

आज सेक्टर-11 में जलापूर्ति की समस्याओं को लेकर जल विभाग के



महाप्रबंधक आरपी सिंह, फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, महामंत्री के के जैन, धवलगिरी आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अशोक मिश्रा, सेक्टर 11 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अनुज गुप्ता, सेक्टर-12 एवरग्रीन आरडब्लयूए के अध्यक्ष पुनीत शुक्ला, सेक्टर-22 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष प्रदीप वोहरा समेत सैकड़ों पदाधिकारी व सेक्टरवासी मौजूद थे।

सेक्टरवासियों ने जीएम के समक्ष अपनी प्रमुख समस्याएं रखीं। महाप्रबंधक ने सभी समस्याएं सुनने के बाद में आरडब्ल्यूए को आश्वासन दिया कि उनकी जो भी मांगे हैं वह तुरंत दूर कर दी जाएगी।

सेक्टर 11 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने मांग की कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइन दुरुस्त की जाए तथा सेक्टर 11 धवलगिरी के पास अंडरग्राउंड वॉटर रिजर्वॉयर (यूजीआर) बनाया जाए ताकि सेक्टर में निर्बाध जलापूर्ति की जा सके।

जल विभाग की टीम ने आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगे पूरी की जाएगी तथा यूजीआर के लिए प्रस्ताव बनाकर सीईओ के समक्ष भेजा जाएगा। महाप्रबंधक के आश्वासन के बाद सेक्टरवासी संतुष्ट नजर आए।

बताते चले की सेक्टर-63 तथा सेक्टर 121 में गंगाजल की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से तीन-चार दिनों तक की परेशानी से लोगों को जूझना पड़ा था लेकिन जल विभाग ने रात दिन काम करके क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को दुरुस्त कर लिया तथा सभी सेक्टरों में जलापूर्ति चालू हो गई।

## डयूटी गये दंपत्ति चोरों ने लगाई सेंध

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक तीन क्षेत्र के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात व 48 हजार रुपए पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय दंपत्ति ड्यूटी पर गए हुए थे।

मूल रूप से ग्राम कुड़ी खेड़ा के रहने वाले पवन कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह हाल में अपने परिवार सहित कुलेश्वरा पुस्ता रोड डूब क्षेत्र की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में रह रहे हैं 12 जून की सुबह वह तथा उनकी पत्नी सरिता अपनी ड्यूटी पर चले गए। शाम को ड्यूटी खत्म होने के बाद जब वह घर पहुंचे तो उन्हें दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ मिला। घर के भीतर से चोर सोने की दो अंगूठी, दो चेन, एक मंगलसूत्र, एक चोकर, चांदी की दो जोड़ी पायजेब, 6 जोड़ी बिछुए,चांदी का सेट व 48 हजार रुपए को चोरी कर ले गए थे। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## इजरायल का हमला

सुनियोजित व ठोस खुफिया जानकारियों के साथ इस्त्राइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों व शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर बड़े सधे हमले किए हैं। ईरान के नतान्ज स्थित मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र को भी निशान बनाया गया। शुक्रवार की सुबह इस्त्राइल ने 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के जरिये वायु रक्षा प्रणाली व मिसाइलों को ध्वस्त करते हुए ईरान के हवाई क्षेत्र में सैकड़ों लड़ाकू जहाजों के जरिये भारी तबाही मचायी। इस्त्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद की बड़ी भूमिका वाले इस ऑपरेशन के जरिये न केवल ईरान की मिसाइल क्षमता को कमजोर किया बल्कि हवाई रक्षा प्रणाली को भी बेअसर किया। जिसके बाद इस्त्राइली एयरफोर्स ने ताबड़तोड़ हमलों से ईरानी वायुक्षमता को बेदम कर दिया। लंबी खुफिया तैयारी के साथ इस्त्राइल ने ईरान के भीतर विस्फोटक ड्रोन बेस स्थापित किए और शुक्रवार तड़के इन ड्रोन ने ईरान के सैन्य ठिकानों में तबाही मचा दी। जिससे ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस्त्राइल ने ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों, सैन्य अधिकारियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े वैज्ञानिकों व प्रमुख लोगों पर लंबी तैयारी के बाद सटीक हमले किए। कई बड़े अधिकारियों को उनके घरों में ही मार दिया गया। दरअसल, इस्त्राइल का मानना था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के करीब है। यहां तक कि परमाणु कार्यक्रम की निगरानी करने वाली संस्था आईएईए ने स्पष्ट शब्दों में ईरान पर परमाणु अप्रसार समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। हमले में सेना प्रमुख के अलावा ईरानी सेना की सबसे ताकतवर शाखा रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर हौसेन सलामी को भी मार डाला गया। हमले में न केवल यूरेनियम संवर्धन प्रतिष्ठान पर हमला किया गया, बल्कि कई परमाणु वैज्ञानिकों को भी मार दिया गया। ईरान ने इस्त्राइल पर नागरिक ठिकानों पर हमला करने के आरोप लगाए। उत्तर पूर्वी ईरान के अलावा नतांज परमाणु केंद्र पर भी धमाके सुने गए। जहां इस्त्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इस्त्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को चेताया है कि जब तक ईरान की ओर से खतरे की आशंका खत्म नहीं हो जाती, ये हमले आगे भी जारी रहेंगे। दरअसल, इस्त्राइल का मानना रहा है कि ईरान संवर्धित यूरेनियम से परमाणु हथियार बनाने के करीब है, जो उसके अस्तित्व के लिये चुनौती है। इस्त्राइल ने ईरान पर उसके क्षेत्र में सैकड़ों ड्रोन दागने के भी आरोप लगाये हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अमेरिका व इस्त्राइल को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। दूसरी ओर ईरान के सरकारी मीडिया ने इस्लामिक रिवॉल्यूश्नरी गार्ड्स कोर के कमांडर इन चीफ हौसैन सलामी सहित पांच शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत की बात स्वीकारी है। साथ ही दो महत्वपूर्ण परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। दरअसल, ईरान अमेरिका व इस्त्राइल के दावों को खारिज करते हुए कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये है। जबकि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की दलील है कि ईरान की बातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता। वह संवर्धित यूरेनियम से जुड़े प्रश्नों के तार्किक जवाब नहीं दे पाया है। कहा जा रहा है कि ईरान के गुप्त परमाणु ठिकानों का पता चलने के बाद उसके परमाणु कार्यक्रम की मंशा संदिग्ध बन गई है। उसने संवर्धित यूरेनियम भंडार के बारे में सटीक जानकारी भी नहीं दी। आईएईए की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि ईरान इतना यूरेनियम संवर्धित कर चुका है कि वह नौ परमाणु बना सकता है। हालांकि, अमेरिकी विदेश मंत्री इस हमले में अमेरिका की सीधी भूमिका होने से इनकार कर रहे हैं। लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये कहा है कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव को बार-बार खारिज किया है। बहरहाल, इस घटनाक्रम से मध्यपूर्व में इस्त्राइल-ईरान के बीच सीधे युद्ध की आशंका बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि इस्त्राइल और हमास, हिजबुल्ला व हूती विद्रोहियों के बीच पहले से जारी संघर्ष से संवेदनशील बने इलाके में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि अरिमर्दन नामक जो राजा का छोटा भाई था, वह बल का धाम कुम्भकर्ण हुआ। उसका जो मंत्री था, जिसका नाम धर्मरुचि था, वह रावण का सौतेला छोटा भाई हुआ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**नाम बिभीषन जेहि जग जाना। बिष्नुभगत बिग्यान निधाना॥**
**रहे जे सुत सेवक नृप केरे। भए निसाचर घोर घनेरे॥**

उसका विभीषण नाम था, जिसे सारा जगत जानता है। वह विष्णुभक्त और ज्ञान-विज्ञान का भंडार था और जो राजा के पुत्र और सेवक थे, वे सभी बड़े भयानक राक्षस हुए॥

**कामरूप खल जिनस अनेका। कुटिल भयंकर बिगत बिबेका॥**
**कृपा रहित हिंसक सब पापी। बरनि न जाहिं बिस्व परितापी॥**

वे सब अनेकों जाति के, मनमाना रूप धारण करने वाले, दुष्ट, कुटिल, भयंकर, विवेकरहित, निर्दयी, हिंसक, पापी और संसार भर को दु:ख देने वाले हुए, उनका वर्णन नहीं हो सकता॥

**दो0-उपजे जदपि पुलस्त्यकुल पावन अमल अनूप।**
**तदपि महीसुर श्राप बस भए सकल अघरूप॥**

यद्यपि वे पुलस्त्य ऋषि के पवित्र, निर्मल और अनुपम कुल में उत्पन्न हुए, तथापि ब्राह्मणों के शाप के कारण वे सब पाप रूप हुए॥

( क्रमशः... )

# भारत में लगातार घटती गरीबी एवं बढ़ती धनाड्यों की संख्या


वैश्विक स्तर पर वित्तीय संस्थान अब यह स्पष्ट रूप से मानने लगे हैं कि विश्व में भारत की आर्थिक ताकत बहुत तेजी से बढ़ रही है। हाल ही में जारी किए गए एक सर्वे रिपोर्ट में यह बताया गया है कि भारत में पिछले बीते वर्ष में उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की संख्या एवं उनकी संपतियों में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। जबकि विश्व के कई देशों विशेष रूप से विकसित देशों में उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की संख्या एवं इनकी सम्पत्ति में वृद्धि दर लगातार नीचे गिर रही है। इसका आश्य तो अब यही लगाया जा सकता है विश्व में आर्थिक शक्ति अब पश्चिम से पूर्व की ओर स्थानांतरित हो रही है।

भारत में जिस व्यक्ति की शुद्ध सम्पत्ति 5 करोड़ रुपए या उससे अधिक होती है उसे उच्च नेटवर्थ व्यक्ति कहा जाता है। पिछले वर्ष भारत में उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की औसत सम्पत्ति 8.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जबकि विश्व में यह औसतन 2.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। इसका परिणाम यह हुआ है कि भारत में मिलिनेयर्स की संख्या बढ़कर 378,810 हो गई है और इनकी कुल सम्पत्ति 1.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्थात 129 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। वर्ष 2024 में भारत में 4,290 अल्ट्रा उच्च नेटवर्थ व्यक्ति निवास कर रहे थे, जिनकी कुल सम्पत्ति 53,477 करोड़ अमेरिकी डॉलर थी। अल्ट्रा उच्च नेटवर्थ व्यक्ति उस नागरिक को कहते हैं जिसकी शुद्ध सम्पत्ति 3 करोड़ अमेरिकी डॉलर अथवा उससे अधिक होती है।

भारत में तो उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की संख्या बढ़ी है परंतु यूरोप में इनकी संख्या 2.1 प्रतिशत घटी है। ब्रिटेन में 14,000, फ्रांस में 21,000, जर्मनी में 41,000 उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की संख्या घटी है। एशिया प्रशांत क्षेत्र में उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की संख्या 1.7 प्रतिशत बढ़ी है तो लेटिन अमेरिका में उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की संख्या 8.5 प्रतिशत घटी है। साथ ही, मध्य पूर्व में भी उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की संख्या में 2.1 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

क्या भारत में उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की बढ़ती संख्या एवं इनकी बढ़ती सम्पत्ति से भारत में कहीं आर्थिक असमानता के गहराने का संकट तो खड़ा नहीं हो रहा है। हालांकि भारत में उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की बढ़ती सम्पत्ति, भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत का प्रतीक भी है। परंतु, यदि इस बढ़ी हुई सम्पत्ति का लाभ समाज के समस्त नागरिकों को नहीं मिल पा रहा है तो यह सोचनीय प्रशन्न अवश्य है।

इसी संदर्भ में हाल ही में विश्व बैंक द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में अत्यधिक गरीबी में जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में अतुलनीय रूप से कमी दर्ज की गई है। यह भारत के लिए निश्चित ही बहुत अच्छी खबर हो सकती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी में जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या 34.44 करोड़ नागरिकों से



**भारत में जिस व्यक्ति की शुद्ध सम्पत्ति 5 करोड़ रुपए या उससे अधिक होती है उसे उच्च नेटवर्थ व्यक्ति कहा जाता है। पिछले वर्ष भारत में उच्च नेटवर्थ व्यक्तियों की औसत सम्पत्ति 8.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जबकि विश्व में यह औसतन 2.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।**

घटकर 7.52 करोड़ नागरिक रह गई है। भारत में लगभग 27 करोड़ नागरिकों को अत्यधिक गरीबी से ऊपर ले आया जा सका है। विश्व बैंक की उक्त रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2011-12 में भारत की कुल जनसंख्या का 27.1 प्रतिशत नागरिक अत्यधिक ग़रीबी में जीवन यापन करने को मजबूर था परंतु वर्ष 2022-23 आते आते यह संख्या घटकर मात्र 5.3 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है, जबकि, इस बीच भारत की जनसंख्या में भी वृद्धि हुई है। यह भारत में तेज गति से विकसित किए गए रोजगार के अवसरों के चलते सम्भव हो सका है। इस संदर्भ में विशेष रूप से केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न योजनाओं के लाभ को देश की अधिकतम जनसंख्या तक पहुंचाने के कारण भारत में बहुआयामी गरीबी को कम करने में अपार सफलता हासिल की जा सकी है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक वर्ष 2005-06 में 53.8 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2022-23 में 15.5 प्रतिशत तक नीचे आ गया है। आगे आने वर्षों में भी यदि इसी प्रकार के आर्थिक विकास दर भारत में लागू रहती है तो बहुत सम्भव है कि कुछ ही वर्षों के उपरांत संभवत- भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाला एक भी नागरिक शेष नहीं रहेगा।

विश्व बैंक की उक्त रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी को कम करने में लगभग एक जैसी सफलता मिली है। इसी का परिणाम है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी दर आज 18.4 फीसदी से घटकर 2.8 प्रतिशत रह गई है। इसी तरह से शहरी क्षेत्रों में भी अत्यधिक गरीबी दर जो 10.7 फीसदी के करीब थी, वह घटकर सिर्फ 1.1 पर आ गई है। इसी तरह का एक व्यापक अंतर ग्रामीण-शहरी जीवन के आर्थिक व्यवहार में भी दूर हुआ है, यह अंतर 7.7 फीसदी से घटकर सिर्फ 1.7 प्रतिशत पर आ पहुंचा है। विशेष रूप से महिलाओं के बीच रोजगार के अवसरों में अतुलनीय वृद्धि दर हासिल की जा सकी है। ग्रामीण इलाकों में कृषि के क्षेत्र में महिलाओं को रोजगार के अवसरों में वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में शहरी क्षेत्रों के बेरोजगारी की दर 6.6 प्रतिशत तक नीचे आ गई है, जो वर्ष 2017-18 के बाद से सबसे कम है।

भारत में गरीबी दूर करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों ने मिलकर काम किया है। इस सम्बंध में विशेष रूप से केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं लागू की गईं हैं। इन महत्वपूर्ण एवं विशेष योजनाओं में शामिल हैं - प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना, जैसी अनेक योजनाओं ने देश में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों को बहुत अधिक लाभ पहुंचाया है, जिससे इन्हें गरीबी रेखा के ऊपर लाया जा सका है। इसी प्रकार, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, डिजिटल क्रांति, मेक इन इंडिया, जन औषद्धि केंद्र, विभिन्न फसल की एमएसपी पर खरीदी एवं इसके माध्यम से किसानों को आय की गारंटी देना, मखाना बोर्ड का गठन, जनजातियों का सशक्तिकरण - ग्राम समृद्धि, दालों में आत्मनिर्भरता के लिए मिशन चलाना, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना, ग्रामीण विद्युत आपूर्ति, किसानों को किफायती दरों पर यूरिया उपलब्ध कराना, भारत को पंख (उड़ान 2 की उड़ान और तेज हुई), विमानन के क्षेत्र में नए युग का प्रारम्भ, आदि क्षेत्रों में लागू की गई उक्त वर्णित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जो अतुलनीय कार्य किए गए हैं, उससे देश में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित करने में सफलता हासिल की जा सकी है।

उक्त वर्णित विभिन्न योजनाओं को लागू करने में केंद्र सरकार ने कभी भी वित्त की कमी नहीं आने दी क्योंकि करों की वसूली में ईमानदारी एवं वित्तीय अनुशासन के चलते जीएसटी, आय कर एवं कारपोरेट करों में उच्च स्तरीय वृद्धि दर्ज हुई है। न केवल उक्त वर्णित विभिन्न योजनाओं को लागू करने के लिए पर्याप्त वित्त की उपलब्धता बनी रही है बल्कि पूंजीगत खर्चों में भी अतुलनीय वृद्धि दर्ज की जा सकी है। साथ ही, बजट में वित्तीय घाटे को भी लगातार कम करने में सफलता हासिल हुई है। और तो और, केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों की कार्यप्रणाली में इस प्रकार से सुधार किया गया है कि जो उपक्रम पिछले कुछ वर्षों पूर्व तक घाटे में चल रहे थे एवं केंद्र सरकार को इन उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए प्रतिवर्ष वित्तीय सहायता उपलब्ध करानी होती थी, आज ये उपक्रम केंद्र सरकार के लिए कमाऊ पूत साबित हो रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में तो केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। इन सभी कारणों से केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा आम नागरिकों के भले के लिए लागू की गई विभिन्न योजनाओं को चालू रखने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना करना नहीं पड़ा है एवं जिसके चलते गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे करोड़ों नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार करने में अपार सफलता मिली है।

**- प्रहलाद सबनानी**
**सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक**

## कुत्ते, इंसान और रेबीज ( व्यंग्य )

इंसान कुत्तों पर मेहरबान हैं और कुत्ते इंसानों पर। इंसान चाहे इंसान और इंसानियत की परवाह न कर पाएं लेकिन अपनी सुरक्षा के लिए ही नहीं जानवर प्रेमी का ठप्पा लगवाने के लिए कुत्ते पाल रहा है। उन्हें सुबह या शाम घुमाने ले जाता है और जैसे उसे खुद भी हर कहीं मूत्र निवृत होने की पारम्परिक आदत है उसी तरह से कुत्तों से करवाता है। उसे जानवरों से प्यार जरूर दिखाना है लेकिन उनका मल उठाने में उसे शर्म आती है। इस मामले में वह विदेशियों की नस्ल नहीं कर सकता।

इंसान ने इंसान से मिलना जुलना, बात करना कम कर दिया है लेकिन आवारा कुत्तों को अपना लिया है। आवारा कुत्ते मस्त हैं। उन्हें रोजाना खाना मिल रहा है। इंसान के पडोसी पस्त हैं, उन्हें सुबह से शाम तक बदबू, कुत्तों के मल मूत्र, उनके भौंकने से वाबस्ता होना पड़ रहा है। कानून बेचारा परेशान है। नगरपालिका के पास शेल्टर बनाने के लिए जमीन नहीं है। बजट भी नहीं है। उनके पास शहर की सफाई के लिए पैसे नहीं है। इंसान को कुत्तों से बचाने के लिए कहां होगा।

पशुपालन विभाग कई बार मेहरबान हो जाता है। उनके पास बजट आता है जिससे उन्होंने एंटी रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध करवा दिए हैं। अखबार में समझाया है कि कुत्ता काट ले तो सबसे पहले क्या करें। वे यही कर सकते थे। आवारा कुत्तों या उनके प्रेमियों को उचित कानूनी व्यवहार तो वे भी नहीं सिखा सकते। नगरपालिका वालों के पास दूसरे ज्यादा जरूरी काम हैं तभी तो पशु पालन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि अपने आसपास कहीं भी कोई लावारिस कुत्ता देखें तो घबराएं नहीं, निकवर्ती अस्पताल या औषधालय में जाकर निशुल्क डोज लगवा सकते हैं। बढिया सार्वजनिक सुविधा है, आम जनता को कुत्ता काटे तो एंटी रेबीज लगवाना ही है और लावारिस कुत्तों को भी जनता ही एंटी रेबीज लगवाए।

मान लीजिए सुबह सुबह घूमने जा रहे हैं, आवारा कुत्ता सामने से आ रहा है, आप उससे बच निकलना चाहते हैं, मगर वह कहता है कि मुझे आपको काटना है, तो क्या इतनी मोहलत कटवाने वाले



**पशुपालन विभाग कई बार मेहरबान हो जाता है। उनके पास बजट आता है जिससे उन्होंने एंटी रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध करवा दिए हैं। अखबार में समझाया है कि कुत्ता काट ले तो सबसे पहले क्या करें। वे यही कर सकते थे।**

के पास होगी कि पूछ ले, प्रिय कुत्ते, आप किसी बीमारी या रेबीज से पीड़ित तो नहीं। उससे कहें कि चलिए आपको पशु औषधालय ले चलता हूं जो अभी खुला नहीं होगा। आवारा कुत्ते को अगर आप पसंद आ गए हो तो काट ही लेगा, इशारों में भी यह नहीं कहेगा कि अब आप एंटी रेबीज लगवा लेना। उस वफादार जानवर को क्या पता कि पालतू कुत्तों के मालिक भी अपने कुत्तों की वेक्सीनेशन करवाने में लापरवाही बरतते हैं।

सरकार के पास इंसान नहीं संभलते जानवरों को कैसे संभाले। यह तो सृष्टि रचयिता की ही गलती है कि इतने ज्यादा बंदर और कुत्ते पैदा करवा दिए। इनकी नसबंदी करना मुश्किल काम है तभी तो इस काम के लिए आए बजट की ही नसबंदी कर दी जाती है।

बेचारा प्रशासन तो सोने के लिए होता है। बरसात हो या बर्फ का गिरना, प्रशासन का ध्वस्त होना निश्चित है। कुत्ते द्वारा आम आदमी को काटना तो छोटी सी घटना है। हां, किसी महंगी कुर्सी पर विराजने वाले अफसर को किसी भी किस्म का कुत्ता काट ले तो कार्रवाई की शामत आ सकती है।

**- संतोष उत्सुक**

## राशिफल

ज्येष्ठ माह कृष्ण पक्ष पंचमी | (विक्रम संवत् 2082)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
शत्रु परास्त होंगे। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य थोड़ा प्रभावित रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
भावनाओं पर काबू रखें। लिखने पढ़ने में समय व्यतीत करें। प्रेम में तू तू मैं मैं के संकेत हैं।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
गृह कलह के संकेत हैं। यद्यपि घरेलू सुख बढ़ चढ़कर आप भोगेंगे और भूमि भवन वाहन की खरीदारी भी संभव है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
किया गया प्रयास सफलतादायक होगा, जो आपने सोचा है, जो आपने डिजाइन किया है, उसको इंप्लीमेंट करिए।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
धन हानि के संकेत हैं इसलिए निवेश अभी वर्जित रहेगा। वाणी पर विराम दें क्योंकि आपस में कौटुंबिक हलचल मच सकती है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। सिर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
यात्रा का योग बनेगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। पिता का साथ होगा। सरकारी तंत्र का लाभ होगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
यात्रा का योग बनेगा। थोड़ा सा मान सम्मान पर ठेस न पहुंचे इस बात का ध्यान रखिएगा। बाकी स्वास्थ्य अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
जीवनसाथी का साथ मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य थोड़ा पहले से बेहतर।

# 'ममता इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन' का हुआ भव्य शुभारंभ

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कल जलपुरा गांव में स्थित सैनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में ममता इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (स्कूल ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज़)का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। यह संस्थान सैनी हेल्थकेयर प्रा. लि. की इकाई है, जिसका उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना है। दादरी विधायक तेजपाल नागर एवं भाजपा नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उनके साथ-साथ क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों, डॉक्टरों, संतों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और किसान नेताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गौरवमयी बना दिया।



डॉ. पवन कुमार सैनी द्वारा स्थापित यह संस्थान NSQF फ्रेमवर्क के अंतर्गत बी.वॉक व डिप्लोमा कोर्सेज प्रदान करेगा, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी, डायलिसिस तकनीक, ऑपरेशन थियेटर तकनीक, रेडियोलॉजी व मेडिकल इमेजिंग, ऑप्टोमेट्री, आपातकालीन और ट्रॉमा केयर, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट व पेशन्ट केयर मैनेजमेंट शामिल है।

इस अवसर पर मनुपाल बंसल, जिला पंचायत सदस्य, बागपत, सरफराज अली, भाजपा जिला पारिवारिक प्रमुख, जेवर, अमित त्यागी, वरिष्ठ नेता, गौतम शर्मा, मंडल अध्यक्ष, भाजपा, डॉ. के.जी. गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सक, अशोकानंद महाराज, संत व आध्यात्मिक गुरु, अशोक मिश्रा, जिला मंत्री, भाजपा, करन सिंह, सांसद प्रतिनिधि बिसरख, युवराज ठाकुर, समाजसेवी, भूपेश चौधरी एवं भूपेश, भाजपा नेता, नोएडा, मनोज मावी, अशोक भाटी, संजय भाटी, संजय फौजी, महेश चेची, राजकुमार प्रजापति, कुलदीप शाजी, इकराम अली, अजय सिंह सैनी, देवेंद्र सैनी, एडवोकेट अशोक सैनी राठौर, डॉ. अथर सिंह सैनी, मान्य मिन्हाजुद्दीन जी व राकेश सैनी आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक संघ ने किया विरोध

**ग्रेटर नोएडा,( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, गौतम बुद्ध नगर, राज्य सरकार द्वारा 16 जून से विद्यालय खोलने तथा 16 जून से 30 जून तक छात्र उपस्थिति के बिना केवल शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य करने के निर्णय का विरोध किया है।

यह निर्णय पूर्णत: अव्यावहारिक एवं शिक्षकों के हितों के प्रतिकूल है। जब विद्यालयों में छात्र उपस्थित नहीं हो रहे हैं, तो शिक्षकों की उपस्थिति का कोई औचित्य नहीं बनता। भीषण गर्मी की परिस्थितियों में शिक्षकों को अनावश्यक रूप से विद्यालय बुलाना न केवल अमानवीय है, बल्कि उनके स्वास्थ्य और गरिमा के साथ अन्याय भी है। संघ यह मांग करता है कि 16 से 30 जून तक की अवधि में शिक्षकों को भी अवकाश प्रदान किया जाए अथवा उन्हें विद्यालय में उपस्थित होने से मुक्त किया जाए।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, गौतम बुद्ध नगर शिक्षकों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और इस अव्यावहारिक निर्णय के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा।

# तिलपता चौक का नाम बदलने की मांग पर भड़के ग्रामीण

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** तिलपता गांव में कल शिव मंदिर परिसर में एक बैठक हुई। बैठक में तिलपता चौक का नाम बदलकर शहीद राव उमराव सिंह भाटी चौक रखने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यथ्त किया।

बतादें कि अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के चार प्रतिनिधियों—चंद्रवीर नागर, चैनपाल प्रधान, अमरजीत और सुशील अवाना—ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर एक मांगपत्र सौंपा, जिसमें तिलपता चौक का नाम परिवर्तन करने की भी अनुशंसा की गई थी। इस कदम से तिलपता गांव के ग्रामीण आक्रोशित हैं। गांव के सम्मानित बुजुर्गों, समाजसेवकों और युवा प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि आगामी चार दिनों में संबंधित व्यक्ति तिलपता गांव में आकर समस्त ग्रामवासियों से सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तो गांववासी अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के सभी सदस्यों का पूर्ण बहिष्कार करेंगे।



ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि क्या ये प्रस्ताव ग्राम पंचायत या समस्त ग्रामवासियों की अनुमति से प्रस्तुत किया गया था? गांव की सांस्कृतिक पहचान और परंपरा से जुड़ी किसी भी संरचना या स्थल का नाम बदलना सामूहिक सहमति से ही किया जाना चाहिए यह भाव ग्रामीणों के वक्तव्यों में स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

इस अवसर पर बाबा सहीराम भाटी, प्रकाश सिंह खारी, प्रेमराज भगत, डीएसपी जयपाल सिंह अधाना, राजबीर नेताजी, पंजाब हवलदार, भगमाल सूबेदार, अजीत प्रधान, एडवोकेट जगदीश भाटी, काका वीरपाल, अनिल मुखिया, मोल सिंह भाटी, विनोद खारी, डॉ. वीरेंद्र खारी, सांसद प्रतिनिधि बलराज भाटी, बच्चन भाटी, सागर खारी आर्य, भूपेंद्र फौजी (अध्यक्ष, ग्राम विकास समिति), महेश नेताजी, हरीश खारी, योगेश भाटी, विपिन तिलपता (प्रदेश अध्यक्ष, भा.किसान यूनियन युवा), प्रदीप भाटी, मुनी बीडीसी, अमित खारी, भूपेंद्र गुरुजी, अक्षय मुखिया, हरीश नेताजी, अरुण मुकद्दम, गौरव, अंकित, मनीष खारी, मनोज प्रधान आदि मौजूद रहे।

# 'विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा,( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी, गौतमबुद्धनगर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले के आठ मंडलों—सूरजपुर मंडल, दनकौर मंडल, ग्रेटर नोएडा मंडल, रबूपुरा मंडल, बिसरख मंडल आदि में 'विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन किया गया।

बिसरख मंडल अंतर्गत ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ब्लूम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सभा में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर सम्मान प्राप्त किया है। आज भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। स्वदेशी सैन्य उपकरणों के निर्माण से देश की सीमाएं पहले से अधिक सुरक्षित हुई हैं।

उन्होंने कहा कि, मोदी सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों—अनुच्छेद 370 की समाप्ति, राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर जैसी योजनाओं के माध्यम से देश सांस्कृतिक और बुनियादी विकास दोनों में आगे बढ़ा है। देशभर में सड़कों, एयरपोर्ट, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, अस्पतालों और नए उद्योगों का तेजी से निर्माण हो रहा है। मोदी का सपना 'आत्मनिर्भर भारत' अब हर भारतीय का सपना बन गया है। हमें मिलकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना होगा।


ग्रेटर नोएडा के कोंडली गाँव में आयोजित संकल्प सभा में क्षेत्रीय विधायक मास्टर तेजपाल नागर ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी ने देश का मान-सम्मान वैश्विक स्तर पर बढ़ाया है।

दादरी देहात मंडल में आयोजित सभा में एम.एल.सी. नरेंद्र भाटी ने कहा, 2014 में केंद्र में मोदी सरकार और 2017 में उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद से देश व प्रदेश में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं।

दनकौर मंडल की सभा में भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि, 2014 से मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जनकल्याण के लिए सतत कार्य किया है।

संकल्प सभाओं में मुख्य रूप से क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, आशीष वत्स, विजय भाटी, जिला कार्यक्रम संयोजक मनोज गर्ग, धर्मेंद्र कोरी, देवा भाटी, सुनील भाटी, सत्यपाल शर्मा, सतेन्द्र नागर, कर्मवीर आर्य, धर्मेंद्र भाटी, विकास चौधरी, मनोज प्रधान, अर्पित तिवारी, संजय भाटी, मुकेश चौहान, सुनील सिंह, राजीव सिंघल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इति विचित्र



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी ( राही )
ज्ञानपुर ( भदोही )

*सौ-सौ जुर्म मुकदमे दो सौ*
*महासंत कहलाने वाले।*
*साधू साध्वी हैं बम ब्लास्टर*
*संसद में चिल्लाने वाले।*
*खुली सड़क पर*
*महिला टीचर पशुवत यौनाचार कराये।*
*भाजपा का नेता धाकड़*
*सीसी कैमरे को बकवास बताए।।*
*छप्पन इंची वाले महिलाओं को रोज*
*सशक्त बनायें।*
*पहने के पिअरी ढोंग रचायें*
*लंद फंद सब गोरख धंधे*
*डाल डाल पर काने अंधे।*
*इति विचित्र भाजपा खंडे।*

# ओमवीर आर्य का हुआ भव्य स्वागत



**दादरी( चेतना मंच )।** दादरी तहसील के बालाजी एनक्लेव में ओमवीर आर्य को सर्वसम्मति से बालाजी एनक्लेव अध्यक्ष चुने जाने पर देशराज प्रधान की अध्यक्षता में उम्मीद संस्था एवं किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा संगठन द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया तथा मोमेंटो एवं शॉल भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। उम्मीद संस्था के संस्थापक डॉ. देवेंद्र कुमार नागर तथा किसान नेता एवं दादरी तहसील अध्यक्ष राजकुमार रूपवास एवं मास्टर ब्रह्म सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि ओमवीर आर्य जैसे कर्मठ, ईमानदार एवं समाजसेवी व्यक्ति का अध्यक्ष बनना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। हरीश प्रधान तथा देशराज प्रधान ने विश्वास जताया कि ओमवीर आर्य अपने कर्तव्यों का निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। इस मौके पर मास्टर ब्रह्म सिंह, महाराज सिंह, राकेश कुमार, देशराज प्रधान, एडवोकेट राजकुमार आर्य, किसान नेता राजकुमार रूपवास, विनोद कुमार, सनी प्रधान आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अग्रसेन भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में 60 यूनिट रक्त हुआ एकत्र



**ग्रेटर नोएडा,( चेतना मंच )।** महाराजा अग्रसेन वैश्य सेवा समिति, ग्रेटर नोएडा द्वारा स्वर्ण नगरी स्थित अग्रसेन भवन में वर्ल्ड ब्लड डोनेशन डे के अवसर पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 60 बहुमूल्य यूनिट रक्त एकत्र हुआ। समिति के अध्यक्ष सौरभ बंसल ने बताया कि रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा व रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा के सहयोग से आयोजित शिविर में लोगों ने बढ़चढ कर भाग लिया। उन्होंने बताया कि तपती दुपहरी में भी लोगों ने जोश के साथ रक्तदान किया रक्तदान में समिति व दोनों क्लब के सदस्यो के साथ साथ महिलाओं ने भी रक्तदान किया। शिविर में 10 नौजवानों ने पहली बार रक्तदान किया।

मीडिया प्रभारी मुकुल गोयल ने बताया कि गौतमबुद्धनगर चेरीटेबिल ब्लड सेंटर के अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में संपन्न हुए शिविर में प्राप्त प्रत्येक यूनिट रक्त से 3 लोगों की रक्त की आवश्यकता पूरी कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिया जा सकता है।

कैम्प में ओमप्रकाश अग्रवाल, सौरभ बंसल, अमित गोयल, मुकुल गोयल, ऋषि अग्रवाल, अनिल सिंघल, गिरीश जिंदल, सुरेन्द्र तायल, अंकुर जैन, विनय गोयल, अतुल जिंदल, सतीश कुमार, नितिन बंसल, अंजलि बंसल, कोमल बंसल, कुलदीप शर्मा, जितेंद्र चौहान, नरेंद्र नागर सहित अनेकों सदस्यों ने रक्तदान किया। कैम्प में नवीन जिंदल, कपिल गुप्ता, राजेश गुप्ता, विनय गुप्ता, रविंद्र गर्ग, विकास गर्ग विजय अग्रवाल, कपिल गर्ग, मंजीत सिंह, के के शर्मा, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड गौतमबुद्धनगर।

पत्रांक-256 /ग्रा0अ0वि0/निविदा-पत्रा./2025-26 दिनांक:- 03.06.2025

**ई0-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या-07**

1- महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश के द्वारा ए0बी0सी0डी0 श्रेणी में कार्यो की लागत सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेंट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर समिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है, कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्रों में अंकित एस0बी0डी0 के अन्तर्गत न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में सभी शर्तों का भली-भॉति अध्ययन कर लें।

2- कार्यो से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् हैं :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निर्माण लागत जीएसटी रहित ( रू0 लाख में ) | बिड सिक्योरिटी ( रू.लाख में ) 2% EMD | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | महामाया एन्कलेव कॉलोनी दादरी तहसील दादरी में एनटीपीसी रोड से महामाया एन्कलेव कॉलोनी के गेट तक इंटरलॉकिग व नाली निर्माण कार्य। | 11.92 | 0.24 | 250+18% GST+ 500 (S.Charge) 766.00 | 3 माह |
| 2 | जनपद न्यायालय गौतमबुद्धनगर परिसर में एक सभा कक्ष का निर्माण कार्य। | 13.00 | 0.43 | 300+18% GST+ 500 (S.Charge) 854.00 | 4 माह |

1- वैवसाईट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि एवं समय:- 24.06.2025 प्रात: 10:00 बजे सें।
2- बिड डाक्यमेंट डाउनलोडिंग प्रारम्भ करने की तिथि एवं समय:- 24.06.2025 प्रात: 10:00 बजे सें।
3- प्री0 बिड मीटिंग की तिथि एवं समय:- 25.06.2025 प्रात: 11:00 बजे सें। बैठक हेतु स्थल:-कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड गौतमबुद्धनगर, विकास भवन, सूरजपुर।
4- ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि एवं समय:-24.06.2025 प्रात: 10:00 बजे सें।
5- ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय:-30.06.2025 दोपहर: 12:00 बजे सें।
6- ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय:-01.07.2025 दोपहर 12:30 बजे सें।
7- टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नही होगा।
8- कार्य को पूर्ण करने की अवधि उक्त तालिका के कॉलम संख्या-5 में वर्शाकाल सहित अंकित है।
9- निविदा प्रपत्र शुल्क का भुगतान इंटरनेट बैकिंग के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा।
10- निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा अन्य विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
11- नियोक्ता को आई.टी.बी. क्लॉज 10 ऑनलाइन के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जाएगा। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से निगरानी रखें और नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर जाए।

www.upidadv.up.gov.in
Upid-234853 Dt. 12/06/2025

**अधिशासी अभियन्ता,**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग**
**प्रखण्ड गौतमबुद्धनगर**



**Name Change**

This is to inform you that, I GIRIJA MISHRA D/O BIJAY KUMAR JHA, have changed my name to GIRIJA JHA D/O BIJAY KUMAR JHA. My correct Date of Birth is 27/10/1984, Going forward, I will be known on the name of GIRIJA JHA D/O BIJAY KUMAR JHA.


# मोदी सरकार ने राष्ट्रहित में किया काम : मिश्रा

**भादोही ( चेतना मंच )।** जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में आज जनपद के कई मंडलों में सेवा सुशासन गरीब कल्याण 11 साल केंद्र की सरकार नरेंद्र मोदी की पूर्ण होने के उपरांत जनपद में कई स्थानों पर संगोष्ठी के माध्यम से केंद्र की गौरवशाली नरेंद्र मोदी की सरकार की रिपोर्ट कार्ड को सेवा योजना कार्यों पर चर्चा कीया गया। जिस पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री रंगनाथ मिश्र उपस्थित रहे औराई उन्होंने कहा नरेंद्र मोदी की सरकार अंत्योदय के पथ पर चलते हुए जनता के राष्ट्र के हित में काम किया है।



पात्र व्यक्ति को हर सम्भव लाभ देने का काम किया गया है वहीं पर दूसरे मंडल औराई में पूर्व मंत्री औराई के विधायक दीनानाथ भास्कर अस्नाव में उपस्थित रहे जहां पर सेवा सुशासन कार्यों की सराहना करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की भी चर्चा किया जिस तरह से पाकिस्तान के अंदर आतंकवादियों को रहने के लिए आश्रय और ठिकाना दिया जाता है

जिन्होंने आतंकवाद का जहर घोल के राष्ट विरोधी गतिविधियों में जनता के ऊपर अत्याचार करने का काम करते हैं उसी जगह भारत की सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान की कमर तोड़ दी है ऐसे तमाम विषयों पर दीनानाथ भास्कर ने अपने बयान को दर्ज कराते हुए संबोधित किया इसके पूर्व विधायक औराई ने कहा सौभाग्य योजना किसान सम्मन निधि पीएम आवास योजना एंटी करप्शन भ्रष्टाचार मुक्त जनता का विकास भाजपा सरकार में हो रही है। गुंडा माफिया सलाखो के पीछे चले गए पूर्ववर्ती सरकार पर विधायक बौछार किया और कहा कांग्रेस की सरकार कायरनामा हरकत किया था वहीं पर देश की जनता उन्हें सत्ता से दूर का रास्ता दिखाया कार्यक्रम में उपस्थित पुर्व जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल मिश्र डॉ देवेंद्र दुबे अशोक जायसवाल पूनम मौर्य राजेंद्र दुबे अखीलेन्दर सिंह बघेल चिंटू राज़ यादव अशोक पाठक शिवलाल मौर्य राकेश सिंह आदि उपस्थित रहे।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### हीरो फिनकॉर्प ने आईपीओ पूर्व दौर में 260 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प की वित्तीय सेवा इकाई हीरो फिनकॉर्प ने अपने नए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पूर्व नियोजन दौर में 260 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे नए निर्गम का आकार 2,100 करोड़ रुपये से घटकर 1,840 करोड़ रुपये रह गया है। अब कुल आईपीओ 3,408 करोड़ रुपये है। इसमें मौजूदा निवेशकों की ओर से 1,568 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। पहले आईपीओ का कुल आकार 3,668 करोड़ रुपये था। कंपनी को मई में आईपीओ के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिली थी। आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, नए शेयरों की बिक्री से प्राप्त राशि का इस्तेमाल कंपनी का पूंजी आधार बढ़ाने के लिए किया जाएगा, ताकि भविष्य की कर्ज गतिविधियों के लिए कोष की जरूरतों को पूरा किया जा सके।

### नेपाल ने भारतीय पारेषण लाइन से बांग्लादेश को बिजली निर्यात शुरू किया

**काठमांडू।** नेपाल ने भारतीय पारेषण लाइन के जरिये बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली का निर्यात शुरू कर दिया है। नेपाल, भारत और बांग्लादेश ने तीन अक्टूबर, 2024 को नेपाल द्वारा उत्पादित बिजली को भारतीय पारेषण लाइन के जरिये बांग्लादेश को निर्यात करने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। नेपाल के एक अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेश को बिजली का निर्यात शनिवार आधी रात से शुरू हो गया है। समझौते के मुताबिक, नेपाल 15 जून से 15 नवंबर तक 40 मेगावाट बिजली का निर्यात करेगा। यह बिजली भारत की 400 केवी की मुजफ्फरपुर-बहरामपुर-भेरामारा पारेषण लाइन के जरिये बांग्लादेश को भेजी जाएगी। नेपाल और बांग्लादेश के बीच हुए द्विपक्षीय समझौते के मुताबिक, नेपाल प्रत्येक बिजली यूनिट के लिए 6.4 अमेरिकी सेंट लेगा। बांग्लादेश ने अगले पांच साल तक नेपाल से बिजली आयात करने पर सहमति जताई है।

### भारत में विदेशी निवेश के मोर्चे पर सिंगापुर का दबदबा

**नई दिल्ली।** भारत में सिंगापुर द्वारा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के बढ़ते मोर्चे पर एक नजर खींची जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सिंगापुर ने भारत में कुल 14.94 अरब डॉलर का एफडीआई किया, जो कुल विदेशी निवेश का लगभग 19 फीसदी है। यह सिंगापुर को भारत में सबसे बड़ा एफडीआई निवेशक बनाता है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस वित्तीय वर्ष में कुल एफडीआई 14 फीसदी की वृद्धि से 81.04 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह निवेश भारतीय अर्थव्यवस्था के सकारात्मक संकेत के रूप में खड़ा है और देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। सिंगापुर ने वर्ष 2018-19 से ही भारत में एफडीआई का बड़ा स्रोत बनाया है और 2023-24 में निवेश में 27 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। माना जा रहा है कि सरकारी नीतियों का असर भी इस में दिख रहा है। स्पष्ट रूप से, एफडीआई से सिंगापुर की भरोसेमंद भूमिका का महत्वपूर्ण हिस्सा है और निवेशकों के भरोसे को सुनिश्चित करता है।

## सेंसेक्स की शीर्ष आठ कंपनियों का मार्केट कैप 1.65 लाख करोड़ घटा

# रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही बरकरार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,65,501.49 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सिर्फ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 47,075.97 करोड़



रुपये घटकर 14,68,777.88 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 30,677.44 करोड़ रुपये घटकर 10,10,375.63 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 21,516.63 करोड़ रुपये घटकर 19,31,963.46 करोड़ रुपये रही। वहीं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 18,250.85 करोड़ रुपये घटकर 7,07,186.89 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार पूंजीकरण में 16,388.4 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह घटकर 5,44,893.71 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 15,481.22 करोड़ रुपये घटकर 10,50,413.33 करोड़ रुपये रहा। एलआईसी की बाजार हैसियत 13,693.62 करोड़ रुपये घटकर 5,93,379.66 करोड़ रुपये पर आ गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 2,417.36 करोड़ रुपये घटकर 5,80,052.09 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के विपरीत टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 22,215.06 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,190.95 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का मूल्यांकन 15,578.3 करोड़ रुपये बढ़कर 6,65,318.03 करोड़ रुपये रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।

### ईरान-इजरायल संघर्ष, अमेरिकी केंद्रीय बैंक के निर्णय से तय होगी बाजार की दिशा

**मुंबई।** इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की दिशा ईरान-इजरायल संघर्ष, ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा है कि शुल्क से जुड़ी खबरें भी स्थानीय शेयर बाजार की चाल को प्रभावित कर सकती है। वैश्विक बाजार का रुख और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी निवेशक नजर रखेंगे। पिछले सप्ताह शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बीच बाजार नुकसान के साथ बंद हुआ। बाजार में जोखिम से बचने की भावना दिखाई दी। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और आपूर्ति में अड़चन की आशंका से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बाजार के जानकारों ने कहा कि इजरायल-ईरान संघर्ष के बीच पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बाद भारतीय शेयर बाजारों का रुख वैश्विक बाजारों से तय होने की संभावना है। बाजार में निराशा देखने को मिल सकती है, जिससे निवेशक जोखिम वाली संपत्तियों से दूरी बना सकते हैं। इसके अलावा कारोबारी बुधवार को फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से पहले सतर्कता बरतेंगे। जापान और ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक भी अपनी ब्याज दरों की अलग-अलग घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि आगे की ओर देखें तो ऊंचे मूल्यांकन और भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच निवेशक सतर्कता बरतेंगे। अब सभी की नजरें आगामी फेडरल रिजर्व की बैठक पर है। भविष्य के नीतिगत संकेतों के लिए फेडरल रिजर्व की टिप्पणी और आर्थिक अनुमान पर सभी की नजर रहेगी। बाजार के एक अन्य जानकार कहते हैं कि आगामी दिनों में भू-राजनीतिक अनिश्चितता और केंद्रीय बैंक की महत्वपूर्ण बैठकों के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव रहने की आशंका है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आगामी नीतिगत निर्णय पर कड़ी नजर रखी जाएगी। घरेलू मोर्चे पर मानसून की प्रगति, कच्चे तेल की कीमतों के रुझान, थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों और एफआईआई की गतिविधियों पर सभी का ध्यान रहेगा।

## भारत में बना चीनी स्मार्टफोन यूएस तक पहुंचा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय कारखानों में चीनी कंपनियों द्वारा बनाया गया स्मार्टफोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स सामान अब अमेरिका तथा स्मार्टफोन और इलेक्ट्रॉनिक्स तक पहुंच रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत सरकार के निर्यात को बढ़ावा देने और स्थानीय कारखानों के विस्तार के प्रयासों के कारण यह बदलाव देखने को मिल रहा है। कंपनियों के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज में जमा कराए गए डॉक्यूमेंट्स से पता चलता है कि यह रणनीति कामयाब हो रही है। ओप्पो मोबाइल्स इंडिया ने वित्त वर्ष 2024 में 272 करोड़ रुपये का निर्यात राजस्व प्राप्त किया, जबकि रियलमी



मोबाइल टेलीकम्युनिकेशंस (इंडिया) ने 114 करोड़ रुपये का निर्यात किया। ये आंकड़े 12 मई को जमा किए डॉक्यूमेंट्स से पता चला है। इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरण बनाने वाली प्रमुख कंपनी हीसेन्स ग्रुप अगले साल की शुरूआत से भारत में बने टेलीविजन और अन्य घरेलू उपकरण पश्चिम एशिया और अफ्रीकी बाजारों में भेजने की योजना बना रही है। हीसेन्स के पार्टनर ईपैकड्यूरेबल के प्रबंध निदेशक अजय सिंघानिया ने बताया कि हायसेन्स के चीन कारखाने के डिजाइन और तकनीक को भारत में दोहराया जाएगा। इसके लिए ईपैक डूराबली श्री सिटी में 100 करोड़ रुपये के निवेश से नया कारखाना बना रही है। दूसरी ओर, लिनोवा ग्रूप जल्द ही भारत में असेंबल किए गए सर्वर और लैपटॉप का निर्यात शुरू करेगी। लिनोवा की कंपनी मोटोरोला पहले ही डिक्सोन टेक्नोलॉजिस के जरिए अमेरिका में स्मार्टफोन भेज रही है। डिक्सोन टेक्नोलॉजिस अब विदेशी ऑर्डर पूरा करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता को 50 प्रतिशत बढ़ा रही है। वित्त वर्ष 2025 में स्मार्टफोन भारत का सबसे बड़ा निर्यात होने वाला आइटम बन गया, जिसका मूल्य 24.14 बिलियन डॉलर रहा, जो पिछले साल की तुलना में 55 प्रतिशत अधिक है।

## मेटा ने पेश किया एडवांस्ड वर्ल्ड मॉडल वी-जेपा 2

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अपने सबसे एडवांस्ड वर्ल्ड मॉडल वी-जेपा 2 को मेटा ने पेश किया है। यह मॉडल एआई एजेंट्स को भौतिक दुनिया को बेहतर समझने, सोचने और भविष्यवाणी करने में सक्षम बनाता है। इस मॉडल की खासियत यह है कि यह इंसानों की तरह पहले निरीक्षण करता है, फिर सोचता है और अंत में योजना बनाकर कार्रवाई करता है। वी-जेपा ए 2 को एक मिलियन से ज्यादा घंटे के वीडियो फुटेज पर प्रशिक्षित किया गया है, जिससे इसे यह समझने में मदद मिली कि लोग वस्तुओं के साथ कैसे इंटरैक्ट करते हैं, और उनके एक्शन से आसपास की दुनिया कैसे बदलती है। यह मॉडल




मेटा के एडवांस्ड मशीन इंटेलिजेंस (एएमआई) की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जो एक ऐसा एआई सिस्टम बनाने का लक्ष्य रखता है जो न सिर्फ डेटा प्रोसेस करे बल्कि अपने आसपास के माहौल से भी सीख सके। इसी प्रशिक्षण के जरिए यह एआई रोबोट्स और अन्य एआई सिस्टम्स को यह अनुमान लगाने में सक्षम बनाता है कि किसी भी क्रिया के बाद क्या हो सकता है। मेटा का दावा है कि यह मॉडल अब केवल ऑब्जेक्ट पहचानने या कमांड का जवाब देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह किसी स्थिति को देखकर आगे की स्थिति की भी सटीक भविष्यवाणी कर सकता है। इस मॉडल को मेटा ने अपनी लैब में रोबोट्स पर टेस्ट किया।

## नई 7-सीटर एमपीवी कैरेंस क्लैविस की डिलीवरी शुरू



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कार निर्माण क्षेत्र की कंपनी किआ मोटर्स ने अपनी नई 7-सीटर एमपीवी कैरेंस क्लैविस की डिलीवरी प्रारंभ कर दी है। मौजूदा कैरेंस मॉडल की तुलना में कैरेंस क्लैविस अधिक प्रीमियम और फीचर-लोडेड है। यह कार मई 2023 में लॉन्च हुई थी और अब ग्राहक इसे शोरूम से खरीद सकते हैं। इसकी शुरूआती कीमत 11.49 लाख रुपये रखी गई है, जो टॉप वैरिएंट में 21.50 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तक जाती है। यह कार कुल सात वैरिएंट्स में उपलब्ध है। इसमें तीन इंजन विकल्प दिए गए हैं। पहला, 1.5-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन है, जो 160 पीएस की पावर और 253 एनएम का टॉर्क देता है। दूसरा, 1.5-लीटर डीजल इंजन है, जो 116 पीएस की पावर और 250 एनएम टॉर्क देता है। तीसरा, 1.5-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन है, जो 115 पीएस की पावर और 144 एनएम का टॉर्क पैदा करता है। ट्रांसमिशन विकल्पों में 6-स्पीड मैनुअल, 6-स्पीड ऑटोमैटिक, 7-स्पीड डीसीटी और आईएमटी शामिल हैं।

## एएमजी जी 63 एसयूवी का नया कलेक्टर एडिशन लांच



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार के लिए मर्सिडीज-बेंज कंपनी ने खास तौर पर तैयार की गई एएमजी जी 63 एसयूवी का नया कलेक्टर एडिशन लॉन्च किया है। यह पहली बार है जब मर्सिडीज ने भारतीय ग्राहकों के लिए एक खास एडिशन पेश किया है। इस लिमिटेड एडिशन मॉडल की एक्स-शोरूम कीमत 4.30 करोड़ रुपये रखी गई है, जो रेगुलर जी 63 मॉडल की तुलना में करीब 66 लाख रुपये अधिक है। कंपनी इस एसयूवी की सिर्फ 30 यूनिट्स भारत में बेचेगी और हर यूनिट को ओनर की पसंद के अनुसार कस्टमाइज किया गया है। इस स्पेशल एडिशन की बुकिंग शुरू कर दी गई है और डिलीवरी साल 2025 की चौथी तिमाही से शुरू होगी। मर्सिडीज-एएमजी जी 63 कलेक्टर एडिशन को मर्सिडीज-बेंज इंडिया और मर्सिडीज-बेंज रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंडिया की टीमों ने मिलकर तैयार किया है। इसमें ग्राहकों को डैशबोर्ड ग्रैब हैंडल पर अपना नाम लिखवाने की सुविधा दी गई है, जिससे यह एसयूवी पूरी तरह से पर्सनलाइज्ड हो जाती है। एसयूवी में 4.0 लीटर ट्विन-टर्बो वी8 इंजन है जो 585 बीएचपी की ताकत और 850 एनएम का टॉर्क देता है। 48वी माइल्ड-हाइब्रिड सिस्टम से अतिरिक्त 22 बीएचपी की पावर मिलती है और यह एसयूवी मात्र 4.4 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है। कार को दो खास रंगों में पेश किया गया है - मिड ग्रीन मैग्नो जो मानसून की हरियाली से प्रेरित है और रेड मैग्नो जो भारत की लौह-समृद्ध मिट्टी से प्रेरणा लेता है।

## अमेरिका में बिकने वाले 97 फीसदी आईफोन भारत में बने

**नई दिल्ली।** एपल ने अमेरिका में बिकने वाले अपने आईफोन की विपरीत स्थिति में सततता बनाए रखने के लिए भारत में नेटवर्क को मजबूत कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मार्च से मई 2025 के बीच, भारत से जितने भी आईफोन एक्सपोर्ट किए गए, उनमें से 97 फीसदी अमेरिका को भेजे गए हैं। एपल ने इन आईफोन को अमेरिका के लिए भारत में बनाने का निर्णय लिया है। ताजा आंकड़ों के अनुसार सिर्फ मई महीने में ही भारत से करीब 1 बिलियन डॉलर के आईफोन अमेरिका भेजे गए हैं। इससे पता चलता है कि एपल अब अमेरिकी बाजार के लिए भारत में आईफोन की मानवाहन कर रही है। डोनाल्ड ट्रम्प ने 23 मई को कहा था कि यदि एपल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाती, तो उस पर 25 फीसदी का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक ट्वीट में इसकी धमकी दी थी, जिसमें उन्होंने एपल के सीईओ टिम कुक को भी इस बारे में सूचित किया था। इससे पहले भारतीय बाजार में बिकने वाले 50 फीसदी आईफोन को अमेरिका भेजा जाता था। यह नया कदम दरअसल एपल के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह कंपनी को ट्रम्प की डाकू पॉलिसी का सामना करने के लिए उसकी आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की जरूरत है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**एअर इंडिया की...**
मिलने के कारण यू-टर्न लेकर जर्मनी के फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर वापस लौटना पड़ा था। फ्लाइट एलएच752 फ्रैंकफर्ट से रवाना हुई थी और उसे सोमवार सुबह हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचना था। हालांकि, विमान बीच रास्ते से ही वापस लौटा।

**सऊदी एयरलाइंस के...**
गनीमत रही कि समय रहते सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया।

जानकारी के मुताबिक, 250 हज यात्रियों को लेकर जा रहे सऊदी एयरलाइंस के विमान में रविवार सुबह लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान लैंडिंग गियर में तकनीकी खराबी आ गई। पहिए से चिंगारी और धुआं निकलटे देख पायलट ने विमान को रोककर एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचित किया।

इसके बाद विमान को पीछे धकेला गया और टैक्सी-वे पर ले जाया गया, जहां सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। एयरपोर्ट की फायर टीम ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और फोम और पानी का उपयोग करके 20 मिनट के भीतर स्थिति को नियंत्रण में कर लिया।

**गाजियाबाद का...**
पहले ही मेडिकल की पढ़ाई के लिए तेहरान गया था और विश्वविद्यालय के हॉस्टल में रह रहा था। लेकिन हाल ही में हुए बमबारी हमले में हॉस्टल की बिल्डिंग पूरी तरह से ध्वस्त हो गई।

परिजनों ने बताया कि रविवार को रिज़वान खाना खाने हॉस्टल से बाहर एक होटल में गया हुआ था। उसी दौरान इस्राइली हमले में बम हॉस्टल पर गिरा, जिससे पूरी बिल्डिंग जमींदोज हो गई। ये महज किस्मत थी कि रिज़वान उस समय हॉस्टल में नहीं था।

हालातों को देखते हुए परिजनों की चिंता बढ़ गई है। रिज़वान की माँ ने केंद्र सरकार से गुहार लगाई है। उनका कहना है, 'हमने अपने बेटे को डॉक्टर बनाने भेजा था, अब उसकी जान बचाने की गुहार लगा रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाथ जोड़कर अपील है कि हमारे बेटे को सुरक्षित भारत वापस लाया जाए।'

**नोएडा में छुपा...**
बनवाने के लिए गाजियाबाद जा रहा था। आसिफ शेख से बरामद मोबाइल फोनों की जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि वह व्हाट्सएप कॉल तथा आई एमओ के द्वारा अपने परिजनों से ऑडियो व वीडियो कॉल पर बात करता था। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपों की गिरफ्तारी की सूचना एलआईयू को दे दी गई है।

**ट्रंप को मारने...**
कमजोर करने के लिए उनसे सांठगांठ की जा सके।

नेतन्याहू ने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने का ट्रंप का सख्त रुख उन्हें टॉप टारगेट बनाता है। उन्होंने साफ कर दिया है कि आप (ईरान) परमाणु हथियार नहीं बना सकते।

इजरायली पीएम ने दावा किया कि ईरान ने उनकी हत्या की भी कोशिश की है। ईरान ने उन्हें निशाना बनाकर मिसाइल दागी है। ईरान की यह मिसाइल उनके बेडरूम की खिड़की पर जाकर गिरी। नेतन्याहू ने ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकने की दिशा में खुद को ट्रंप का जूनियर पार्टनर भी बताया।

**डयूटी गये दंपत्ति...**
उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के पश्चात अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि इस वारदात में शामिल बदमाशों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

**जनगणना और जातीय...**
अगली जनगणना 2035 में कराई जाएगी। इस बार जनगणना की प्रक्रिया दो फेज में पूरी होगी। पहला चरण एक फरवरी 2027 तक पूरा किया जाएगा, जबकि दूसरा और अंतिम चरण फरवरी 2027 के आखिर तक पूरा होगा। एक मार्च 2027 की मिड नाइट को रेफरेंस डेट माना जाएगा, यानी उस समय देश की जनसंख्या और सामाजिक स्थिति का जो भी आंकड़ा होगा, वही रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा. इस दिन के बाद से आंकड़े सार्वजनिक रूप से सामने आने लगेंगे। हिमालयी और विशेष भौगोलिक हालात वाले राज्यों जैसे जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड में यह प्रक्रिया अन्य राज्यों से पहले अक्टूबर 2026 तक पूरी कर ली जाएगी. इन इलाकों में मौसम की कठिनाइयों और दुर्गम क्षेत्रों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है. इन राज्यों के लिए एक अक्टूबर 2026 को रेफरेंस डेट माना जाएगा।

# गुजरपुर गाँव में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर चौपाल का हुआ आयोजन

**ग्रेटर नोएडा।** मंडल के नॉलेज पार्क शक्ति केंद्र अंतर्गत गुजरपुर गाँव में केंद्र की भाजपा सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में चौपाल का आयोजन किया गया।

चौपाल में बतौर मुख्य वक्ता सुनील पंडित तुगलपुरिया वक्ता ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में जयवीर भाटी, चंद्रवीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।





# ऑल जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन मेरठ मंडल कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश के जनपद गौतमबुद्धनगर स्थित नोएडा के सेक्टर 53 साईं इनक्लेव में ऑल जनरलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के मेरठ मंडल कार्यालय का उद्घाटन हुआ। कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में रहे भीष्म सिंह यादव ने रिवन काट कर किया।

इस दौरान अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में हुए सभी मृतकों के लिए शोक संवेदना प्रकट की गई।

इस अवसर पर भीष्म सिंह यादव, आशू गुप्ता अध्यक्ष मेरठ मंडल संपादक संपूर्ण आवाज समाचार पत्र, एसके सिंह मंडल उपाध्यक्ष, हरिओम शर्मा, पंकज शर्मा मंडल उपाध्यक्ष मेरठ ऑल जनरलिस्ट वेलफेयर, आईडी शर्मा, संपादक गगन मंच, दृष्ट गुप्ता इंडिया डेली, अभिषेक कुमार, ए एन आई, प्रमोद दीक्षित, रामहेष जयंत, प्रफुल्ल यूनाइटेड भारत, मामराज तोमर संपादक तोमर राज, प्रफुल्ल पांडेय शंभू गुप्ता जिला उपाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर, प्रभाकर दुवे, राजेश गुप्ता दैनिक हालत, शीतल प्रजापति, आदि काफी संख्या में पत्रकार बंधुओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# भारत के आर्य और अर्जुन की जोड़ी ने निशानेबाजी विश्वकप में जीता स्वर्ण



एजेंसी

**बर्लिन।** भारत के आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की जोड़ी ने बर्लिन में आईआईएसएफ निशानेबाजी विश्वकप में स्वर्ण पदक जीता है। आर्य और अर्जुन की जोड़ी ने एक पदक 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित इवेंट में जीता है। इसी के साथ ही भारतीय टीम का दूसरा स्वर्ण मिला है। इस भारतीय जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल के मिश्रित इवेंट में चीन के जिफेई वांग और लिहाओ शेंग को 17-7 से पराजित किया। वहीं नॉर्वे के जीनेट हेग ड्यूस्टैड और जॉन-हरमन हेग ने अमेरिका के सेगेन मैडालेना और पीटर मैथ्यू फियोरी की जोड़ी को 16-14 से हरा कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

आर्य और अर्जुन ने क्वालिफिकेशन में 635.2 अंक हासिल कर फाइनल में जगह बनायी थी।इस भारतीय निशानेबाजी जोड़ी ने पहले 635.2 के क्वालिफिकेशन स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। अर्जुन ने क्वालिफिकेशन में 317.7 का स्कोर बनाया जबकि आर्य ने 317.5 का स्कोर किया। वहीं भारत के एलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव की जोड़ी 631.8 के स्कोर के साथ ही क्वालिफिकेशन में छठे स्थान पर रही। भारत इस विश्वकप में चार पदक के साथ ही अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए आर्य और अर्जुन की जोड़ी ने 10 मीटर राइफल मिश्रित में स्वर्ण जीता। वहीं इससे पहले सुरुचि ने 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण जीता था। वहीं सिफ्ट कौर समरा और एलावेनिल वलारिवन ने अपने-अपने व्यक्तिगत और दो कांस्य के साथ ही छह जबकि नॉर्वे ने दो स्वर्ण , एक रजत और एक कांस्य के साथ ही (चार) पदक जीते हैं और वह दूसरे नंबर पर है। वहीं चीन ने तीन स्वर्ण, एक रजत के साथ ही पहला स्थान हासिल किया है।

## युवा तेज गेंदबाज मार्को ऑलराउंडरों में हो सकते हैं शुमार: पोंटिंग



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीका के युवा तेज गेंदबाज मार्को जेनसन भविष्य में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ऑलराउंडरों में शुमार हो सकते हैं। यह मानना है ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और आईसीसी हॉल ऑफ फेमर रिकी पोंटिंग का। पोंटिंग ने कहा कि जेनसन के पास गेंद और बल्ले दोनों से कमाल करने की काबिलियत है और वे अपने करियर के शुरूआती दौर में ही प्रभावशाली प्रदर्शन कर रहे हैं। पोंटिंग ने जेनसन को नजदीक से तब देखा जब वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोचिंग के दौरान उनके साथ जुड़े। उन्होंने कहा कि जेनसन लंबी कद-काठी वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन उनकी तकनीकी क्षमता और मानसिक संतुलन उन्हें खास बनाते हैं। लॉर्ड्स में चल रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन जेनसन ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को बुरी तरह झकझोर दिया। उन्होंने 14 ओवर में 49 रन देकर तीन अहम विकेट झटके, जिनमें मार्नस लैबुशेन और ट्रैविस हेड जैसे बल्लेबाज शामिल थे। दूसरे दिन उंगली में चोट लगने के बावजूद जेनसन मैदान पर लौटे और एक बार फिर लाबुशेन को 22 रन पर आउट कर यह दिखा दिया कि उनमें खेल के प्रति जबरदस्त जज्बा है। पोंटिंग ने कहा कि वह बेहद शांत स्वभाव के हैं और मैदान पर उतरने के बाद उनमें एक मजबूत प्रतिस्पर्धा की भावना नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है।

## खास खबर

### आईसीसी के नियम बदलेंगे

**दुबई ।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुरुष वर्ग के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बदलाव की बात कही है। आईसीसी के अनुसार टेस्ट मैचों के लिए 17 जून, एकदिवसीय के लिए 2 जुलाई और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए 10 जुलाई से नियम बदलेंगे। इन बदलावों की सिफारिश आईसीसी क्रिकेट समिति ने की थी। वहीं आईसीसी मुख्य कार्यकारी समिति ने ने भी बदलावों की अनुमति दी दी है। एकदिवसीय में गेंदों के के बारे में एक नया नियम और (सिर पर गेंद लगने पर) कन्कशन सब्सटीट्यूट के लिए एक नया नियम बनाया गया है। अब तक एकदिवसीय में दोनों छोर से दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता रहा है पर अब नए नियम के तहत 34वें ओवर के बाद गेंद बदली जाएगी। वहीं पारी की शुरूआत से लेकर 34वें ओवर के अंत तक दो गेंदों का इस्तेमाल किया जाएगा, दोनों छोर से एक-एक। हालांकि 35वें ओवर से लेकर पारी के अंत तक, गेंदबाजी टीम द्वारा दो में से केवल एक गेंद का चयन किया जाएगा और दोनों छोर से उसका इस्तेमाल किया जाएगा।

### राष्ट्रीय रोल बॉल प्रतियोगिता का आयोजन आज से

2 **मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद के चार रोल बॉल खिलाड़ी 5 वीं फेडरेशन कप राष्ट्रीय रोल बॉल प्रतियोगिता के लिए रविवार को झारखंड के लिए रवाना हो गए। जिला रोल बॉल संघ के सचिव शाहवेज अली ने रविवार को बताया कि मुरादाबाद के शिवओम सैनी, गोविंद गौर, सचिन सैनी और खेतान सैनी 16 जून से 21 जून तक झारखंड के रांची के स्टेडियम में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर रोल बॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। शाहवेज अली ने आगे बताया कि 5 वीं फेडरेशन कप राष्ट्रीय रोल बॉल प्रतियोगिता में देशभर से टॉप 10 राज्यों की टीमें प्रतिभाग करेंगी, जिसमे उत्तर प्रदेश,महाराष्ट्र, राजस्थान, केरल, कर्नाटक, झारखंड, जम्मू कश्मीर, पंजाब, उड़ीसा, चंडीगढ़ की टीमें शामिल है। इस अवसर पर जिला रोलबॉल संघ के अध्यक्ष गौरव गुप्ता, डॉ विनोद कुमार, डॉ जी कुमार, डॉ अजय शर्मा, डॉ गरिमा शर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और बेहतर प्रदर्शन करने की कामना की।

### लेसनर की बेटी माया ने जीता शॉट पुट खिताब

**नई दिल्ली।** पूर्व यूएफसी चैंपियन ब्रॉक लेसनर की बेटी माया लेसनर ने एथलेटिक्स की दुनिया में एनसीएए आउटडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप में शॉट पुट खिताब अपने नाम किया। अमेरिका के ओरेगन राज्य के यूजीन शहर में स्थित हेवर्ड फील्ड में यह मुकाबला हुआ। कोलोराडो स्टेट यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करते हुए माया ने पहले ही प्रयास में 19.01 मीटर की शानदार दूरी तक गोला फेंका। उनका यह थ्रो इतना प्रभावशाली था कि कोई भी अन्य एथलीट इसे पार नहीं कर सका और इसी के साथ माया ने चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। खास बात यह रही कि माया के इस ऐतिहासिक पल के गवाह उनके पिता ब्रॉक लेसनर खुद स्टेडियम में मौजूद थे। स्टैंड में बैठकर उन्होंने गर्व भरी नजरों से अपनी बेटी का प्रदर्शन देखा। माया ने प्रतियोगिता के दौरान 18.87 मीटर का दूसरा बेहतरीन थ्रो भी किया, जो उनकी निरंतरता को दर्शाता है।

## भारत ए ने सरफराज के शतक से बनाये 6 विकेट पर 299 रन





एजेंसी

**बेकनहम ।** इंग्लैंड दौरे पर गयी भारतीय टीम आजकल अभ्यास के लिए भारत ए टीम से मैच खेल रही है। इस मैच के दूसरे दिन भारत ए के सरफराज खान ने शानदार शतक लगाया। सरफराज ने 76 गेंदों पर ही तेजी से खेलते हुए 101 रन बना दिया। सरफराज की अच्छी बल्लेबाजी से दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ए ने 6 विकेट प 299 रन बना लिए थे। दिन का खेल समाप्त होने के समय ईशान किशन 45 रन और शार्दुल ठाकुर 19 रनों पर खेल रहे थ। सरफराज ने इस मैच में शतक लगाकर पहले टेस्ट के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। सरफराज ने इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में भी 92 रन बनाए थे। वहीं ऋतुराज गायकवाड़ इस मैच में असफल रहे और 2 गेंद ही खेल पाये। इसके बाद अभिमन्यु ईश्वरन ने 39 और साई सुदर्शन ने 38 रन बनाए। ये दोनों ही टेस्ट टीम में शामिल है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट लिए। वहीं नितीश कुमार रेड्डी ने एक खिलाड़ी को आउट किया। इस मैच में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह प्रभाव असफल रहे और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। वहीं इस मैच में भारतीय टीम की ओर से कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने अर्धशतक लगाये हैं।

## युवा अक्षत रघुवंशी की बल्लेबाजी के फैन हुए वेंकटेश अय्यर



एजेंसी

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश टी20 लीग (एमपीएल) 2025 के पांचवें मुकाबले में इंदौर पिंक पैंथर्स ने जबलपुर रॉयल लायंस को 6 रन से हराकर सीजन की शानदार शुरूआत की। मैच के बाद टीम के कप्तान वेंकटेश अय्यर ने युवा बल्लेबाज अक्षत रघुवंशी की जमकर तारीफ की।अय्यर ने कहा कि आज का असली हीरो अक्षत है। जिस तरह से उसने पूरे मैदान में शॉट्स लगाए, वह काबिले-तारीफ है। 21 साल की उम्र में मैंने इससे बेहतर टैलेंट नहीं देखा। मैं उसकी तरक्की के लिए दुआ करता हूं, भविष्य में वह बहुत आगे जाएगा। अक्षत रघुवंशी ने मैच में 46 गेंदों पर 76 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 5 छक्के शामिल थे। उनकी इस पारी ने इंदौर को 20 ओवर में सात विकेट पर 183 रन तक पहुंचाया। जवाब में जबलपुर की टीम 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 177 रन बना सकी। सलामी बल्लेबाज सिद्धार्थ पाटीदार ने 40, धर्मेश पटेल ने 55 रन और राहुल बाथम ने 58 रन बनाए। इनके अलावा अन्यकोई बल्लेबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका इंदौर पिंक पैंथर्स की ओर से स्पिनर मिहिर हिरवानी ने 3 विकेट लिए। कप्तान वेंकटेश अय्यर ने भी गेंदबाजी में योगदान देते दो विकेट लिए। कुलवंत खेजरोलिया और पी. निरवानी ने एक-एक विकेट लिए।

## ऑस्ट्रेलियाई कोच मैकडॉनल्ड ने टीम में बदलाव के संकेत दिये



एजेंसी

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूसीसी) फाइनल में अपनी टीम की हार पर निराशा जतायी है। कोच ने कहा कि अब नये डब्ल्यूसीसी चक्र में टीम बदलावों के साथ उतरेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम लॉर्ड्स की दूसरी पारी में बल्लेबाजी में विफल रही थी। मार्नस लाबुशेन को उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरूआत के लिए भेजा गया था जिससे वापसी कर रहे कैमरून ग्रीन को तीसरे नंबर पर उतारा जा सके पर ये प्रयोग विफल रहा। लाबुशेन रन बनाने में असफल रहे। उनके अलावा ख्वाजा और ग्रीन भी अधिक देर नहीं टिक पाये। मैकडॉनल्ड ने कहा, इस टेस्ट मैच से पहले पारी की शुरूआत को लेकर काफी बात हुई थी और मैं ओपनिंग संयोजन की जरूरत के बारे में बात कर रहा था। हमने वहां कुछ बदलाव किये पर अब समय आ गया है कि किसी को स्थायी तौर पर रखा जाये। हमको यह कहना होगा कि इस टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका बेहतर था। हमें उन सुधारों पर ध्यान देना होगा जो हमें करने की आवश्यकता है। इसमें कोई संदेह नहीं है।

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण स्थगित

**लंदन ।** अहमदाबाद में हुए एयरइंडिया विमान हादसे के कारण भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। इस ट्रॉफी का अनावरण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीस) फाइनल के दौरान किया जाना था पर इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड से बातचीत के बाद इसे स्थगित कर दिया। ईसीबी के एक अधिकारी ने कहा, भारत में हुई दुखद घटना को देखते हुए नई तारिख की घोषणा में कुछ समय लग सकता है। भारतीय बोर्ड इसके लिए सही समय का इंतजार करेगा। गौरतलब है कि पहले ये ट्रॉफी पटौदी ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी। इसका नाम तेंदुलकर-एंडरसन के नाम पर इसलिए रखा गया ताकि इन दोनो ही खिलाड़ियों के प्रति सम्मान प्रकट किया जा सके।

## 33 साल बाद दोबारा वर्ल्ड चैंपियन बनने में सफल रहा साउथ अफ्रीका



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड के प्रतिष्ठित लॉर्ड्स मैदान पर खेले गए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर पहली बार इस खिताब को अपने नाम किया। साउथ अफ्रीका की यह जीत अफ्रीकी टीम के लिए कई मायनों में ऐतिहासिक रही।

दरअसल, साउथ अफ्रीका ने 27 साल बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की ट्रॉफी जीती है और 33 साल बाद वह दोबारा वर्ल्ड चैंपियन बनने में सफल हुआ है। इस ऐतिहासिक मुकाबले में सलामी बल्लेबाज एडन मार्करम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 136 रन की मैच जिताऊ पारी खेली, जबकि कप्तान टेम्बा बावुमा ने 66 रन बनाकर टीम की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका के सामने 282 रनों का मजबूत लक्ष्य रखा था। हालांकि, अफ्रीकी बल्लेबाजों ने धैर्य और आक्रामकता के संतुलन के साथ लक्ष्य का पीछा किया और महज पांच विकेट गंवाकर जीत दर्ज की। टेम्बा बावुमा की कप्तानी में टीम ने ना सिर्फ टूर्नामेंट में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया बल्कि फाइनल जैसे दबाव वाले मुकाबले में भी संयम बनाए रखा। बावुमा इस जीत के साथ टेस्ट क्रिकेट में लगातार 9 पारियों में 30 से अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं, और उन्होंने इस सूची में इंजमाम-उल-हक की बराबरी करते हुए स्टीव स्मिथ और बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया है।

इस जीत के बाद टेम्बा बावुमा का नाम हर तरफ गूंज रहा है। मैदान पर उनकी रणनीति जितनी शानदार थी, उतनी ही प्रेरणादायक उनकी निजी जिंदगी भी रही है। उनकी पत्नी फिला लोबी एक सफल व्यवसायी और समाजसेवी हैं। वे लोबी प्रॉपर्टीज नामक रियल एस्टेट कंपनी की मालकिन हैं और ह्यफिला लोबी फाउंडेशनह्व के जरिए अनाथ और जरूरतमंद बच्चों की मदद करती हैं। दोनों ने 2018 में शादी की थी और 2023 में उनके बेटे का जन्म हुआ। बावुमा की नेटवर्थ करीब 40 करोड़ रुपये है, जबकि फिला भी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं। लॉर्ड्स की यह जीत सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि एक पूरे देश के सपनों की जीत बन गई है।

## बुमराह का इस्तेमाल विकेट टेकर के रूप में करे : सौरव गांगुली



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को बेहतर बनने के लिए भारतीय गुट को सलाह दी है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम नए दौर की शुरूआत करेगी। भारतीय टीम ने आगामी सीरीज के लिए तैयारी शुरू कर दी है। पूर्व कप्तान गांगुली ने कहा है कि गिल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान बुमराह को बतौर विकेट टेकर इस्तेमाल करना चाहिए। गांगुली ने कहा, आपको देखना होगा और एक दिन में बुमराह से 12-13 ओवर से ज्यादा गेंदबाजी नहीं करने देनी है। गिल को बुमराह को इसतरह से इस्तेमाल करना चाहिए। मुझे लगता है कि चार तेज गेंदबाज महत्वपूर्ण हैं। यहां, दूसरों को सिराज, अर्शदीप जैसे योद्धाओं की जरूरत होगी। नितीश या शार्दुल ठाकुर के बारे में निश्चित नहीं हूं। शायद वे बल्ले से कुछ रन बना सकें, लेकिन मुझे लगता है कि भारत को सात बल्लेबाजों का साथ देना चाहिए और विशेषज्ञ गेंदबाजों की जरूरत है, क्योंकि हमें टेस्ट मैच जीतने के लिए 20 विकेट चाहिए। 6 माह बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा। भारतीय चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा के दौरान बताया था कि मेडिकल टीम से मिले परामर्श के अनुसार 31 वर्षीय बुमराह सभी पांच टेस्ट मैचों में नहीं खेलने वाले है। पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून को लीड्स में होगा।

## मनप्रीत सिंह ने इतिहास में दर्ज कराया अपना नाम



एजेंसी

**एंटवर्प।** भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज खिलाड़ी मनप्रीत सिंह रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान पर उतरते ही अपना नाम इतिहास में दर्ज कर लिया है। बेल्जियम के एंटवर्प में खेले जा रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 मुकाबले में हॉकी आइकन मनप्रीत 400वीं बार भारत की जर्सी पहनकर मैदान में उतरे और अपना नाम उन दिग्गजों की विशिष्ट सूची में शामिल कर लिया, जिन्होंने अटूट स्थिरता और दिल से विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। पंजाब के 33 वर्षीय मिडफील्डर मनप्रीत सिंह अब पूर्व कप्तान और वर्तमान हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की (412 कैप) से पीछे दूसरे सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। इस उपलब्धि पर भावुक मनप्रीत ने कहा कि मुझे अभी भी याद है कि मुझे अपने डेब्यू मैच में कैसा महसूस हुआ था। 400 मैच में यहां खड़े होना, मेरी कल्पना से परे है। यह उपलब्धिहर उस कोच के साथ साझा करता हूं जिसने मुझे आगे बढ़ाया, हर उस साथी खिलाड़ी के साथ जिसने मेरा साथ दिया और हर उस प्रशंसक के साथ जिसने मुझ पर तब विश्वास किया, जब मुझे इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। मैं अभी भी सीख रहा हूं, अभी भी बढ़ रहा हूं और मैं आज भी उसी जोश के साथ खेलता हूं जैसा कि मैं 19 साल की उम्र में खेलता था।हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और ऑल-टाइम कैप्स सूची में मनप्रीत से आगे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी डॉ. दिलीप टिर्की ने इस उपलब्धि की सराहना की और कहा कि बहुत कम एथलीट इस स्तर की स्थिरता और धीरज हासिल करते हैं।

## मीडिया कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन


# टीम रेड ने रोमांचक फाइनल मुकाबले में टीम येलो को हराया





एजेंसी

**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी के ग्राउंड में वॉलीबाल मीडिया कप का आयोजन रांची प्रेस क्लब के द्वारा किया गया है। मीडिया कप वॉलीबॉल के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में सूबे के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में मीडिया पार्टनर प्रशांत उनिकृष्णन, सन्दीप उनिकृष्णन, रांची विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कन्वेनर राजेश गुप्ता, इंटरनेशनल रेफरी राजेश सिंह, इंडियन वालीबाल एसोसिएशन के कार्यसमिति सदस्य उत्तम राज, अंतरराष्ट्रीय रेफरी संजय कुमार, वासुदेब चटर्जी फाउंडेशन के राजीव चटर्जी, रांची जिला वॉलीबाल एसोसिएशन के सचिव संजय ठाकुर, खेलो इंडिया के टेक्नीकल हेड उपेंद्र गुप्ता ने फाइनल मैच सह समापन समारोह का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। मंत्री और अन्य गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरूआत की। इस मौके पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि खेल के मैदान में कलमकारों को खेलते देखना एक सुखद अनुभव है। उन्होंने दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी। दूसरे दिन भी सभी मैन ऑफ द मैच प्लेयर्स को डीआईजी चन्दन सिन्हा की घोषणा के अनुरूप 5-5 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।टूर्नामेंट में दूसरे दिन तीन मुकाबले खेले गए पहले मुकाबले में टीम रेड ने टीम येलो को 18-25, 25-5, 15-4 से हराया। वहीं रोमांचक फाइनल मुकाबले में टीम रेड ने टीम येलो को 14-25, 25-18, 15-9 से हरा मीडिया कप वॉलीबाल टूर्नामेंट में पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इससे पहले लगातार तीन वर्षों से टीम येलो ही चैंपियन थी।मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट ऑफ द प्लेयर का पुरस्कार टीम रेड के प्रमोद सिंह को दिया गया। वहीं टूर्नामेंट में बेस्ट स्मैशर के रूप में आरजे अरविंद, बेस्ट सप्लायर के रूप में पंकज सिंह, बेस्ट सर्विसर के रूप में अभिषेक सिन्हा, बेस्ट लिफ्टर के रूप में राजेश सिंह, बेस्ट डिफेंडर के रूप में मोनू कुमार को पुरस्कार दिया गया।वालीबाल टूर्नामेंट के प्रायोजक के रूप में वासुदेब चटर्जी स्मृति फाउंडेशन और मीडिया सपोर्ट पार्टनर के रूप में द भास्कर टाइम्स के सन्दीप उन्नीकृष्णन और प्रशांत उनिकृष्णन ने अपना सहयोग दिया। पूरे टूर्नामेंट का लाइव टेलीकास्ट विक्की कुमार की टीम ने किया। जिसे यूट्यूब पर देखा जा सकता है। टूर्नामेंट में रेफरी की भूमिका संजय ठाकुर और उनकी टीम ने बखूबी निभाई। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी 74 खिलाड़ियों को भी रांची प्रेस क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह और गिफ्ट दे कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन ने किया।टूर्नामेंट के दूसरे दिन भी प्रतियोगिता को सफल बनाने में रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, सचिव अमरकांत, संयुक्त सचिव, रतनलाल, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, कार्यकारिणी के सदस्य सह स्पोर्ट्स कन्वेनर मोनू, आलोक सिन्हा, संजय सुमन, आरजे अरविंद, चन्दन भट्टाचार्य, सौरभ शुक्ला, विजय मिश्रा, राजू प्रसाद और अंजनी कुमार, शशि पांडेय, शशि भूषण प्रसाद, राजेश तिवारी ने अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभाई।



चीन में विश्व एक्वेटिक तैराकी विश्वकप सुपर फाइनल में भाग लेते हुए चीनी तैराक।

# जगन्नाथ रथ यात्रा 2025: भगवान जगन्नाथ को चैन से सुलाने के लिए हनुमान जी ने लगाई थी कौन सी अनोखी जुगत, जो आज भी कर रही है काम?

**पुरी का भगवान जगन्नाथ मंदिर रहस्यों का खजाना है। इस मंदिर से जुड़े अनेकों किस्से और कहानियां है। इसी में एक पौराणिक कथा है भगवान जगन्नाथ और भगवान हनुमान से जुड़ी हुई है, जो आज भी सत्य प्रतीत होती है क्योंकि इससे जुड़ा है मंदिर का रहस्य जो आज भी अनसुलझा है।**

हमारा देश विविधताओं का देश है। धर्म और आस्था इसकी धुरी हैं। भक्तों की ऐसी ही आस्था का केंद्र है पुरी का जगन्नाथ मंदिर, जिसमें ना जाने कितने सुलझे अनसुलझे किस्से जुड़े हुए हैं। इसके पीछे की पौराणिक कथाएं लोगों को आज भी हैरानी में डाल देती है। इतना ही नहीं मंदिर के रहस्य भी आपको आस्था की तरफ झुकने पर मजबूर कर देंगे। ऐसी ही इस मंदिर से जुड़ी एक पौराणिक कथा है जिसे आप मंदिर का रहस्य भी कह सकते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि मंदिर के समुद्र से घिरा होने के बावजूद भी मंदिर परिसर में समुद्र की लहरों की आवाज नहीं पहुंचती, जबकि मंदिर से बाहर निकलते ही आपको उसके लहरों की आवाज सुनाई दे जायेगी।



### जगन्नाथ मंदिर और हनुमान जी की कथा

इसके पीछे एक पौराणिक कथा है। जगन्नाथ भगवान के इस मंदिर की यह कथा बजरंगबली हनुमान से जुड़ी हुई है। इस कथा के अनुसार भगवान जगन्नाथ समुद्र की आवाज से परेशान हो गए थे और वह चैन से सो नहीं पा रहे थे। भगवान जगन्नाथ ने हनुमान जी को समुद्र को नियंत्रित करने का काम सौंपा था। ऐसे में यह काम भी हनुमान जी के जिम्मे में ही था। हनुमान जी ने समुद्र से शांत हो जाने कि प्रार्थना की लेकिन समुद्र ने कहा कि मैं ऐसा नहीं कर सकता यह मेरे बस में नहीं, पवन के वेग के साथ मेरी आवाज भी मंदिर तक पहुंचेगी। आप चाहे तो अपने पिता से अनुरोध कर सकते हैं कि वह विपरीत दिशा में बहें, तो यह आवाज मंदिर तक नहीं पहुंचेगी।

### हनुमान जी की जुगत

हनुमान जी ने वैसा ही किया उन्होंने पवन देव का आह्वान किया और कहा, क्या आप उल्टी दिशा में बह सकते हैं, पवन देव ने कहा कि मेरे लिए यह संभव नहीं है लेकिन तुम चाहो तो ऐसा कर सकते हो, तुम अपनी तेजी से एक वायु चक्र बना सकते हो। हनुमान जी ने वैसा ही किया हनुमान जी मंदिर के चारों तरफ इतनी तेजी और वेग के साथ चक्कर लगाने लगे कि वहां एक वायु चक्र बन गया जिससे पवन देव को उसी वेग में बहना पड़ा। इसी वेग की वजह से समुद्र की आवाज भी मंदिर तक नहीं पहुंच पायी। वायु के वेग ने समुद्र की आवाज को वही रोक लिया। इसके बाद, समुद्र की आवाज मंदिर में प्रवेश कर पाने के कारण भगवान जगन्नाथ चैन से सो सके, और हनुमान जी की इस जुगत ने काम कर दिया। भगवान हनुमान की यह जुगत, आज भी इस मंदिर में रहस्य की तरह काम कर रही है। क्योंकि मंदिर के अंदर समुद्र की तेज लहरों की आवाज बिल्कुल सुनाई नहीं देती।

# जगन्नाथ मंदिर की पताका रोज क्यों बदली जाती है, आखिर क्या है इसके पीछे का रहस्य?

**भारत के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक प्रभु श्री जगन्नाथ मंदिर से जुड़े कई ऐसे रहस्य हैं जिनको आज तक कोई भी सुलझा नहीं पाया है। वहीं इस मंदिर के ध्वज का विपरीत दिशा में लहराने के साथ उसके रोजाना बदले जाने को से भी एक रहस्य जुड़ा हुआ है।**

ओड़िशा के पुरी में स्थित जगन्नाथ मंदिर से जुड़े रहस्यों के बारे में तो लगभग लोगों ने सुना ही होगा। इस मंदिर ध्वज से लेकर मूर्ति और सीढ़ियों तक में कोई ना कोई रहस्य छिपा हुआ है। वहीं कुछ रहस्य तो ऐसे भी जिनका आज को कोई भी पता ही नहीं लगा पाया है। लेकिन एक काम जो इस मंदिर में बिना भूल रोज किया जाता है। वह हैं मंदिर के शिखर पर लगी पताका बदलना। जगन्नाथ मंदिर के शिखर पर रोज एक नई पताका लगाई जाती है। कई बार लोगों के मन में ये सवाल भी आता होगा की वैसे तो मंदिरों की पताका पुरानी होने या फटने पर बदली जाती है, लेकिन यहां ऐसा क्यों किया जाता है।



### रोज क्यों बदली जाती जगन्नाथ मंदिर की पताका?

भगवान जगन्नाथ का यह मंदिर लगभग 800 साल पुराना बताया जाता है। इस मंदिर में आयोजित होने वाली रथ यात्रा पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं। जिसके लिए यहां देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। वहीं जगन्नाथ मंदिर के शिखर पर लगे झंड़े को रोज बदला जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि मान्यता है कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो यह मंदिर 18 वर्षों के लिए बंद हो जाएगा। मंदिर की पताका बदलने को लेकर एक कथा प्रचलित हैं कि एक बार भगवान जगन्नाथ मंदिर के पुजारी के सपने में आए और यह दिखाया कि मंदिर का ध्वज पुराना और फटा हुआ है, जिसके बाद अगले दिन पुजारियों ने देखा की झड़ा सच में पुराना हो गया था। कहते हैं तभी से उन्होंने मंदिर का झंडा रोजाना बदलना शुरु कर दिया। इसके अलावा जगन्नाथ मंदिर पर नया ध्वज फहराना भगवान के प्रति सम्मान और भक्ति का प्रतीक हैं। कुछ अन्य मान्यताओं के अनुसार, पुराना झंडा नकारात्मक ऊर्जा को सोख लेता है, इसलिए भी यहां रोज नया झंडा लगा दिया जाता है।

### जगन्नाथ मंदिर के अनसुलझे रहस्य

जगन्नाथ मंदिर के अन्य रहस्यों की बात की जाए तो यहां बहुत सी हैरान करने वाली रहस्यमयी घटनाएं होती है। माना जाता है कि इस मंदिर में रखी मूर्ति के अंदर आज भी भगवान श्री कृष्ण का ह्रदय धड़क रहा हैं। यह मंदिर समुद्र के सामने स्थित है लेकिन मंदिर द्वार के अंदर प्रवेश करते है समुद्र की लहरों से निकलने वाली ध्वनि सुनाई देनी बंद हो जाती है। मंदिर की रसोई भी बेहद हैरान करने वाली है। भगवान जगन्नाथ का जितना भी महा प्रसाद बनता है, वो सात मिट्टी के बर्तनों में बनाया जाता है। यह सातों बर्तन एक के ऊपर एक रखे जाते हैं, लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि सबसे पहले प्रसाद सातवें बर्तन में तैयार हो जाता है। साथ ही मंदिर के शिखर पर लगे सुदर्शन चक्र किसी भी दिशा से देखने पर ऐसा लगता है कि उसका मुख आपकी ही तरफ है। यहीं नहीं मंदिर की छाया भी अदृश्य रहती है। मंदिर के ऊपर से कोई पक्षी या विमान नहीं गुजरता। इसके अलावा मंदिर की तीसरी सीढ़ी का रहस्य भी बेहद हैरान करने वाला है।

# फादर्स डे पर अपने पिता को उनकी राशि के अनुसार दें प्यारा सा तोहफा

**पितृ दिवस, जो पिता को समर्पित दिन है। साल 2025 में यह 15 जून, रविवार को मनाया जाएगा। पिता अपने बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए पूरे जीवन मेहनत करते हैं, अपनी भावनाओं को कई बार छुपाते हैं ताकि उनके बच्चे खुश होकर अपना जीवन बिता पाएं। इस खास दिन पर अपने पिता को स्पेशल फील कराएं और उन्हें उनकी राशि अनुसार यह शानदार गिफ्ट दें।**

फादर्स डे साल 2025 में 15 जून के दिन मनाया जाएगा। इस दिन हर कोई अपने पिता को स्पेशल फील कराना चाहते हैं और उसके लिए उनको कोई ना कोई उपहार जरुर देता है। इस साल अपने पिता को उनकी राशि के अनुसार गिफ्ट दें। यहां पढ़ें 12 राशियों के लिए उनके स्वाभाव के अनुसार उन्हें पसंद आने वाले गिफ्ट।




**मेष** - अगर आपके पिता की राशि मेष है तो आप अपवने पिता को लाल रंग की टी-शर्ट, फिटनेस ट्रैकर, या स्पोर्ट्स एक्सेसरी ? गिफ्ट में दे सकते हैं। यह आपके पिता की सेहत के लिहाज से भी बहुत शानदार गिफ्ट रहेगा।

**वृषभ**- वृषभ राशि वाले अपने पिता को सफेद या नीले रंग की शर्ट, काजू की बर्फी, या एक आरामदायक कुर्सी गिफ्ट में दे सकते हैं।

**मिथुन**- मिथुन राशि वाले अपने पिता को गिफ्ट में हरे रंग का पेन, पौधा, या कोई रोचक किताब दे सकते हैं।

**कर्क** - कर्क राशि के लोग स्वभाव से बहुत भावुक और पारिवारिक होते हैं। इस फादर्स डे अपने पिता को गिफ्ट में फैमिली फोटो फ्रेम, सफेद रंग की टी-शर्ट, या हाथ से बना कार्ड दे सकते हैं।

**सिंह**- सिंह राशि वाले आत्मविश्वासी और आकर्षक होते हैं। अगर आपके सिंह राशि के हैं तो उन्हें पीले रंग की टी-शर्ट, स्टाइलिश घड़ी, या परफ्यूम दे सकते हैं।

**कन्या** - अगर आपके पिता की राशि कन्या है तो आप उन्हे इस फादर्स डे हरे रंग की डायरी, पेन, या एक स्मार्टवॉच गिफ्ट में दे सकते हैं।

**तुला** -अगर आपके पिता की राशि तुला है तो वह सौंदर्यप्रेमी और संतुलित हैं उनको गिफ्ट में खूबसूरत परफ्यूम, पेंटिंग या स्टाइलिश वॉलेट दे सकते हैं।

**वृश्चिक**- अगर आपके पिता की राशि वृश्चिक है तो वह थोड़े गंभीर और रहस्यमयी स्वभाव के हो सकते हैं। उनको गिफ्ट में लाल रंग का वॉलेट, गहरे रंग की शर्ट, या कोई रहस्यमयी किताब गिफ्ट में दे सकते हैं।

**धनु**- अगर आपके पिता की राशि धनु है तो वह साहसी और उत्साही है। उनको गिफ्ट में, हल्के नीले रंग की टी-शर्ट, यात्रा डायरी, या हाइकिंग गियर

**मकर**- अगर आपके पिता की राशि मकर है तो वह बहुत अनुशासित और महत्वाकांक्षी हैं, उनको आप इस फादर्स डे गिफ्ट में काले रंग की बेल्ट, वॉलेट, या एक क्लासिक घड़ी दे सकते हैं।

**कुंभ** - अगर आपके पिता की राशि कुंभ है तो आपके पिता का स्वभाव नई सोच वाला है और वह स्वतंत्र हैं। उनको आप गिफ्ट में नीले रंग का गैजेट, किताब, या कोई अनोखा तकनीकी उपकरण दे सकते हैं।

**मीन** - अगर आपके पिता की राशि मीन है तो वह कलात्मक और संवेदनशील है। उनको आप इस फादर्स डे गिफ्ट में पीले रंग की मिठाई, संगीत एल्बम, या एक स्केचबुक दे सकते हैं।

# अति वाचालता का दुष्परिणाम

एक राजा बहुत अधिक बोलता था। उसका मंत्री विद्वान और शुभ चिंतक था। इसलिए सोचता रहता था कि राजा को कैसे इस दोष से मुक्त करुं और वह ज्ञान दू जो कि मनुष्य के हृदय में बहुत गहराई से उतरकर उसके स्वभाव का अंग बन जाता है। मंत्री उचित अवसर की तलाश में था कि राजा को अपने इस दोष का आभास हो और उसके द्वारा होने वाली हानि को समझकर निकल जाए। एक दिन राजा मंत्री के साथ उद्यान में घूमते हुए एक शिला पर बैठ गया। शिला के ऊपर आम के पेड़ पर कौवे का एक घोंसला था। उसमें काली कोयल अपना अण्डा रख गई। कोयल अपना घोंसला नहीं बनाती, वरन कौवे के घोंसले में ही अंडा रख देती है। कौवी उस अंडे को अपना समझकर पालती रहती है। आगे चलकर उसमें से कोयल का बच्चा निकला। कौवी उसे अपना पुत्र समझकर पालती थी। कोयल के बच्चे ने असमय जबकि उसके पर भी नहीं निकले थे, कोयल की आवाज की। कौवी ने सोचा- यह अभी विचित्र आवाज करता है, बड़ा होने पर क्या करेगा?' कौवी ने चोंच से मार-मारकर उसकी हत्या कर दी और घोंसले से नीचे गिरा दिया। राजा जहां बैठा था, वह बच्चा वहीं उसके पैरों के पास गिरा। राजा ने मंत्री से पूछा-मित्र ! यह क्या है? मंत्री को राजा की भूल बताने का यह अवसर मिल गया। मंत्री ने कहा- महाराज! अति वाचाल (बहुत बोलने वालों) की यही गति होती है। पूछने पर मंत्री ने पूरी बात राजा को समझाकर बताई कि कैसे यह बच्चा असमय आवाज करने से नीचे गिरा और मृत्यु को प्राप्त हुआ। यदि यह चुप रहता तो यथा समय घोंसले से उड़ जाता। इतना कहकर मंत्री ने राजा को मौका देखकर उसकी वाचालता दूर करने के लिए प्रत्यक्ष उदाहरण बताकर नीति बताई। चाहे मनुष्य हो, पशु-पक्षी असमय अधिक बोलने से इसी तरह दुःख भोगते हैं। उसने वाणी के अन्य दोष और उसके दुष्परिणाम राजा को बताए।

दुर्भाषित वाणी हलाहल विष के समान ऐसा नाश करती है, जैसा तेज किया हुआ शस्त्र भी नहीं कर सकता।

**संदेश**- बुद्धिमान व्यक्ति को चाहिए कि वाणी की समय, असमय रक्षा करें। अपने समकक्ष व्यक्तियों से कभी अधिक बातचीत न करें। जो बुद्धिमान समय पर विचारपूर्वक थोड़ा बोलता है, वह सबको अपने वश में कर लेता है। बुद्धिमान् और प्रज्ञावान् मंत्री की बात सुनकर राजा अति वाचालता के दोष को दूर कर मितभाषी हो गया और सुखपूर्वक राज्य करने लगा।

# शरीर में कहां होता है शनिदेव का स्थान, क्या पड़ता है प्रभाव?

**अगर आप शनि के कारण शारीरिक कष्ट महसूस हो रहे हैं, तो इसके लिए आपको ज्योतिषीय सलाह के साथ-साथ चिकित्सीय सलाह लेना भी आवश्यक है। शनिदेव के नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए शनिदेव की पूजा, शनि मंत्रों का जाप, हनुमान चालीसा का पाठ, दान और शनिवार का व्रत करना लाभकारी माना जाता है।**

हिन्दू धर्म में प्रत्येक ग्रह का शरीर के कुछ विशेष अंगों पर आधिपत्य होता है। शनिदेव, जिन्हें कर्मफल दाता और न्याय का देवता कहा जाता है, उनका भी मानव शरीर के कई महत्वपूर्ण अंगों पर प्रभाव होता है। शनि मुख्य रूप से शरीर के उन अंगों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो स्थिरता, संरचना, धीमापन, दीर्घकालिक प्रकृति और सहनशीलता से संबंधित हैं।

शनि की साढ़े साती और ढैय्या के दौरान भी शरीर के विभिन्न अंगों पर इसका प्रभाव देखा जा सकता है। माना जाता है कि साढ़े साती के शुरुआती चरण में यह मस्तिष्क और चेहरे को प्रभावित करता है, फिर दाहिनी आंख, बाईं आंख, दाहिना हाथ, बायां हाथ, और अंत में पैर और तलवे प्रभावित होते हैं।

### इन अंगों पर होता है शनिदेव का अधिकार

**हड्डियां और जोड़** - शनिदेव हड्डियों, जोड़ों, हड्डियों के घनत्व और समग्र कंकाल प्रणाली का मुख्य कारक है। यदि कुंडली में शनि अशुभ या कमजोर हो, तो व्यक्ति को जोड़ों का दर्द (विशेषकर घुटनों और टखनों में), गठिया, हड्डियों से संबंधित रोग (जैसे ऑस्टियोपोरोसिस), शरीर में कंपन या हड्डियों में कमजोरी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यह चोट लगने पर हड्डियों के धीरे-धीरे ठीक होने का भी संकेत हो सकता है।



**दांत** - शनि दांतों का भी कारक है। दांतों की समस्याएं, कैविटी, दांतों का कमजोर होना या समय से पहले झड़ना शनि के नकारात्मक प्रभाव का संकेत हो सकता है।

**नाखून** - नाखूनों की मजबूती और स्वास्थ्य भी शनि से संबंधित है। कमजोर, भंगुर या जल्दी टूटने वाले नाखून शनि के अशुभ प्रभाव को दर्शा सकते हैं।

**बाल**- शनि बालों का भी प्रतिनिधित्व करता है। समय से पहले बालों का झड़ना, गंजापन, रूखे और बेजान बाल शनि के नकारात्मक प्रभाव से जुड़े हो सकते हैं।

**फेफड़े और श्वसन प्रणाली** - कुछ ज्योतिषीय मतों के अनुसार, शनि फेफड़ों और श्वसन संबंधी समस्याओं से भी संबंधित है। सांस लेने में तकलीफ, अस्थमा या अन्य फेफड़ों से संबंधित बीमारियां शनि के प्रभाव में देखी जा सकती हैं। कब्ज, पेट फूलना, या पुरानी पाचन संबंधी समस्याएं शनि के नकारात्मक प्रभाव का संकेत हो सकते हैं।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

ऐसी मान्यता है कि शनि जिस अंग को नियंत्रित करता है, उसमें बदलाव या रोग धीरे-धीरे विकसित होते हैं और ठीक होने में भी समय लगता है। शनि अक्सर पुराने, दीर्घकालिक और आसानी से ठीक न होने वाले रोगों का कारक होता है। शनि के अशुभ प्रभाव में संबंधित अंगों में कमजोरी, दर्द या कार्यक्षमता में कमी आ सकती है। शनि दीर्घायु का भी कारक है, लेकिन यदि अशुभ हो तो जीवन शक्ति और ऊर्जा को कम कर सकता है।

# मरने के बाद आत्मा को क्यों मिलती है प्रेत योनि, गरुड़ पुराण में क्या लिखा है?

**गरुड़ पुराण में स्पष्ट रूप से जिक्र किया गया है कि प्रेत योनि का मिलना व्यक्ति के जीवनकाल के कर्मों, मृत्यु की परिस्थिति और उसके बाद किए जाने वाले अंतिम संस्कारों पर निर्भर करता है। यह आत्मा की अशांति और अतृप्त इच्छाओं का परिणाम होता है। लेकिन क्या आपको पता है कि मरने के बाद आत्मा को क्यों मिलती है प्रेत योनि?**

गरुड़ पुराण हिंदू धर्म के 18 महापुराणों में से एक है, जिसमें भगवान विष्णु और गरुड़ देव के बीच हुए संवाद का जिक्र किया गया है। इसमें मृत्यु के बाद आत्मा की यात्रा, विभिन्न योनियों, कर्मफल, स्वर्ग-नरक और प्रेत योनि के बारे में विस्तार से बताया गया है। गरुड़ पुराण के अनुसार, मृत्यु के बाद आत्मा का अगला जन्म या गति उसके कर्मों (पाप और पुण्य) पर निर्भर करती है। प्रेत योनि उन आत्माओं को मिलती है जो कुछ विशेष प्रकार के कर्म करती हैं या जिनकी मृत्यु कुछ विशेष परिस्थितियों में होती है।



गरुड़ पुराण के अनुसार जो मनुष्य अपने जीवन में बहुत अधिक पाप कर्म करते हैं, दूसरों को कष्ट पहुंचाते हैं, चोरी, छल-कपट, धोखाधड़ी करते हैं, पराई स्त्री पर कुदृष्टि डालते हैं, या धर्म के विरुद्ध आचरण करते हैं, उनकी आत्मा को मृत्यु के बाद प्रेत योनि मिलती है। जो लोग लालची होते हैं और दूसरों का धन हड़पते हैं, उन्हें भी प्रेत योनि मिलती है।

जो व्यक्ति प्यासे को पानी नहीं देता या भूखे को अन्न नहीं देता, उसे भी प्रेत योनि प्राप्त हो सकती है। जो लोग ब्राह्मणों का अपमान करते हैं, या श्राद्ध के समय अनुचित आचरण करते हैं, उन्हें भी प्रेत योनि का सामना करना पड़ सकता है।

### अशांत मृत्यु या अकाल मृत्यु

जिन व्यक्तियों की मृत्यु असामान्य या अप्राकृतिक तरीके से होती है, जैसे आत्महत्या, हत्या, दुर्घटना (जैसे जलने, डूबने, एक्सीडेंट), सांप के काटने से, या किसी जानवर द्वारा मारे जाने से, उनकी आत्मा को तुरंत अगला शरीर नहीं मिलता। ऐसे में आत्मा शरीर को प्राकृतिक रूप से नहीं त्याग पाती, और वह प्रेत योनि में चली जाती है।

जिन व्यक्तियों की मृत्यु अतृप्त इच्छाओं के साथ होती है, या जिनके मन में किसी बात का बहुत अधिक मोह, क्रोध या असंतोष रह जाता है, उनकी आत्माएं भी अशांत होकर प्रेत योनि में भटकती हैं। मृत्यु के समय जो व्यक्ति भगवान का स्मरण नहीं करते, या जिनका सूतक और निकृष्ट योनियों के संसर्ग में निधन होता है, वे भी प्रेत योनि में जा सकते हैं।

### अधूरे कर्म और संस्कार

गरुड़ पुराण के अनुसार, जिन आत्माओं को मृत्यु के बाद उचित अंतिम संस्कार, पिंडदान और श्राद्ध कर्म प्राप्त नहीं होते, वे भी प्रेत योनि में भटक सकती हैं। ये कर्म आत्मा को आगे की यात्रा में मदद करते हैं और उसे शांति प्रदान करते हैं।

यदि किसी व्यक्ति के जीवनकाल में कुछ ऐसे कर्म अधूरे रह जाते हैं जिनकी उसे अत्यधिक आसक्ति होती है, तो उनकी आत्मा भी उन कर्मों की पूर्ति के लिए मृत्यु लोक में भटकती रहती है।

### मोह-माया और आसक्ति

जो आत्माएं अपने परिवार, संपत्ति या भौतिक वस्तुओं से अत्यधिक मोह रखती हैं, वे मृत्यु के बाद भी उन्हें छोड़कर आगे नहीं बढ़ पातीं। ऐसी आत्माएं अपने पुराने घर या प्रियजनों के आसपास प्रेत योनि में भटकती रहती हैं। प्रेत योनि में आत्माएं अशरीरी होती हैं, अर्थात उनके पास भौतिक शरीर नहीं होता है। इस योनि में उन्हें अत्यधिक कष्ट भोगने पड़ते हैं।

### प्रेत योनि से मुक्ति के ये हैं उपाय

गरुड़ पुराण के अनुसार, प्रेत योनि से मुक्ति पाने के लिए व्यक्ति जीवन भर अच्छे कर्म करें, दान-पुण्य करें और धार्मिक कार्यों में भाग लें। मृत्यु के बाद मृत व्यक्ति के लिए उचित विधि से श्राद्ध और पिंडदान करना चाहिए। विशेषकर पुत्र द्वारा प्रेत घट दान (एक सोने का घड़ा जिसमें कुशा, तिल आदि रखकर दान किया जाता है) करने से आत्मा को प्रेत योनि से मुक्ति मिलती है। घर में गरुड़ पुराण या भागवत कथा का पाठ करवाने से मृत आत्मा को शांति और सद्गति प्राप्त होती है। कुछ विशेष स्थितियों में प्रेत योनि से मुक्ति के लिए ये कर्मकांड किए जाते हैं।

# जेनेलिया ने बताया क्यों उन्हें नहीं मिलते 'सितारे जमीन पर' जैसे रोल



अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। इस फिल्म में जेनेलिया आमिर खान के साथ उनकी पत्नी की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म के जरिए जेनेलिया एक लंबे वक्त बाद बॉलीवुड की किसी बड़ी फिल्म में नजर आएंगी। हाल ही में जेनेलिया ने अपनी भूमिका के बारे में बताया कि इस किरदार के लिए उन्हें कई बार ऑडिशन देना पड़ा, जिससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। इसी दौरान जेनेलिया ने ये जरूर बताया कि आखिर क्यों उन्हें अब इस तरह के किरदार ऑफर नहीं हो रहे हैं।

### यह आमिर सर की महानता है, उन्होंने मुझमें कुछ देखा

'सितारे जमीन पर' में अपने किरदार सुनीता के बारे में बात करते हुए जेनेलिया ने कहा कि वो इस तरह के किरदार और भी करना चाहती हैं। फिल्मीमंत्रा मीडिया के साथ अपनी हालिया बातचीत में अभिनेत्री ने कहा, 'जब लोगों को पता चला कि मैं सितारे जमीन पर कर रही हूं, तो सभी ने कहा कि हे भगवान, कितनी किस्मतवाली हो तुम, आमिर खान की फिल्म कर रही हो। इस पर मैंने कहा, बेशक यह आमिर सर की महानता है कि उन्होंने मुझमें कुछ देखा। बेशक, उन्होंने मेरा ऑडिशन लिया। लेकिन आप भी ऐसा कर सकते हैं। आप मुझे कोई भूमिका भी दे सकते हैं।'


### 'फिल्म मेकिंग बदल गई, अब हमें अपनी सोच बदलने की जरूरत'

जेनेलिया ने आगे और निर्देशकों के उन्हें इस तरह के किरदार में न लेने के पीछे की वजह का जिक्र किया। अभिनेत्री ने 'सितारे जमीन पर' में उनके किरदार को लेकर प्रतिक्रिया देने वालों को संबोधित करते हुए कहा, 'आप भी मुझे ऐसे किरदारों में ले सकते हैं, लेकिन आप मानदंडों के अनुसार चलते हैं। शायद आपको लगता है कि मैं शादीशुदा हूं इसलिए मुझे इस किरदार की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि फिल्म मेकिंग बदल गई है। इसलिए हमारी मानसिकता भी बदलनी चाहिए।'

### सही किरदार चुनना महत्वपूर्ण

अभिनेत्री ने आगे कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि अगर आप किसी खास उम्र का किरदार चाहते हैं, तो आपको उसी उम्र के किसी व्यक्ति को कास्ट करना चाहिए। जब हम किसी ऐसे अभिनेता को कास्ट करते हैं जो मेरे द्वारा निभाए गए किरदार से बहुत छोटा होता है, तो वे उस किरदार की छोटी-छोटी बातें नहीं समझ पाते। सही किरदार चुनना महत्वपूर्ण है। मुझे उम्मीद है कि सभी को अवसर मिलेंगे।

20 जून को रिलीज होगी सितारे जमीन पर आरएस प्रसन्ना द्वारा निर्देशित स्पोर्ट्स कॉमेडी फिल्म सितारे ज़मीन पर 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म को लेकर आमिर लगातार जेनेलिया के साथ प्रमोशन में जुटे हैं। 'लाल सिंह चड्ढा' के बाद आमिर इस फिल्म के जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। फिल्म में जेनेलिया आमिर की पत्नी के किरदार में नजर आई हैं।



# पत्नी शूरा की प्रेग्नेंसी पर अरबाज ने तोड़ी चुप्पी

अरबाज खान और शूरा खुशहाल शादीशुदा जिंदगी जी रहे हैं। दोनों अपने परिवार का विस्तार कर रहे हैं। खान परिवार में जल्द नन्हा मेहमान आने वाला है। अरबाज खान की पत्नी शूरा खान काफी वक्त से अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में अब खुद अरबाज खान ने इस बारे में प्रतिक्रिया दी है।

### 2023 में रचाई अरबाज ने शूरा से शादी

अरबाज खान दूसरी बार पिता बनेंगे। बता दें कि शूरा एक्टर की दूसरी पत्नी हैं। अरबाज खान और उनकी पहली पत्नी मलाइका अरोड़ा का एक बेटा अरहान खान है। 2017 में मलाइका और अरबाज का तलाक हो गया। इसके बाद साल 2023 में अरबाज ने शूरा से शादी रचाई। एक बार फिर पिता बनने को लेकर अरबाज खान उत्साहित हैं।

### यह फ्रेश फीलिंग है

शूरा खान की प्रेग्नेंसी की खबरें जब से वायरल हुई हैं, तब से अरबाज खान ने पहली बार इस पर प्रतिक्रिया दी है। अरबाज खान ने कहा कि वे नर्वस हैं। साथ ही कहा कि इस समय हर कोई नर्वस होता है। अरबाज ने यह भी माना कि वह काफी समय बाद पिता बन रहे हैं, इसलिए यह उनके लिए फिर से एक फ्रेश फीलिंग है।

अरबाज खान ने आगे कहा, मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। यह मुझे खुशी और जिम्मेदारी का नया एहसास दे रहा है। मुझे यह पसंद आ रहा है। शूरा की प्रेग्नेंसी की चर्चा तब शुरू हुई जब उन्हें एक मैटरनिटी क्लिनिक के बाहर देखा गया। हालांकि, अब तक कपल ने इस खबर को गुप्त रखा है। अभी तक उन्होंने इस खुशखबरी का आधिकारिक एलान नहीं किया है। हालांकि, अब जब अरबाज खान ने हाल ही में शूरा की प्रेग्नेंसी पर जब बात की है तो उम्मीद की जा सकती है कि वे इस खबर की आधिकारिक पुष्टि कर सकते हैं।

अरबाज खान के वर्क फ्रंट की बात करें वे बतौर निर्माता दबंग 4 पर काम कर रहे हैं। वह फिल्म में माखनचंद पांडे की भूमिका भी निभा सकते हैं। अरबाज ने कहा, दबंग 3 और दबंग 4 के बीच का समय दूसरे और तीसरे भाग के बीच जितना लंबा नहीं होगा। हम इसे बनाने जा रहे हैं।

# क्या इब्राहिम अली की इस बात से प्रेशर फील करती हैं पलक तिवारी?



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी भी फिल्मों में एक्टिंग कर रही हैं। वह अब तक दो फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। पलक ने करियर की शुरुआत सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से की थी। हाल ही में वह फिल्म 'द भूतनी' में नजर आईं। मैशेबल इंडिया से की गई हालिया बातचीत में जब पलक तिवारी से पूछा गया कि क्या वह मौजूदा नए एक्टर्स जैसे इब्राहिम अली खान, सुहाना खान और अनन्या पांडे की एक्टिंग से किसी तरह का प्रेशर फील करती हैं? पलक का जवाब था, 'प्रेशर लेकर काम करोगे तो वह बिल्कुल भी अच्छा नहीं होगा। फिर प्रेशर लेने का क्या फायदा।' पलक का इतना जरूर कहना है कि उनके साथ के एक्टर्स काफी सपोर्टिंग हैं।



# दिव्या दत्ता ने बताया क्यों रहना चाहती हैं कुंवारी

दिव्या दत्ता उन बॉलीवुड कलाकारों में से एक हैं जिन्होंने सुष्मिता सेन, तब्बू और सलमान खान जैसे सितारों की तरह बिना शादी के रहने का फैसला चुना। दिव्या ने हाल ही में अपने बातचीत में अपने इस फैसले को लेकर खुलकर बातें की हैं और बताया है कि आखिर ये ऑप्शन उन्होंने क्यों चुना।

दिव्या ने बातचीत में अपने विचारों को शेयर करते हुए कहा, अगर आपको एक अच्छा साथी मिल जाए तो शादी करना बहुत अच्छा है। अगर नहीं तो ज़िंदगी खूबसूरती से आगे बढ़ती है। एक बेकार सी शादी में बंधे रहने से बेहतर है कि आप खुद ही खुद का ख्याल रखें। किसी रिश्ते में खुद को नीचा दिखाने की बजाय, खुद से प्यार करना बेहतर है। मेरी तरफ बहुत से मर्दों का अटेंशन खूब रहता है और मैं इसे इंजॉय करती हूं लेकिन रिश्ता तब बनना चाहिए जब आप कनेक्ट होते हैं। अगर आपको लगता है कि वह व्यक्ति आपका हाथ थाम सकता है। अगर ऐसा नहीं है तो मेरे आस-पास मेरे कई प्यारे दोस्त हैं और मैं अपने लिए वहां हूं।

### मुझे लगता है कि मैं ओवर क्वॉलिफाइड हूं

उन्होंने आगे कहा कि वह शादी नहीं करना चाहती हैं। दिव्या ने कहा, मैं शादी नहीं करना चाहती लेकिन मुझे एक साथी चाहिए जिसके साथ मैं ट्रैवल कर सकूं और अगर नहीं तो भी मैं खुश हूं। आप जानते हैं, मेरे सबसे अच्छे दोस्त ने मुझे एक कोट भेजा - एक शख्स पूछता है- तुम सिंगल क्यों हो? तुम सुंदर, आकर्षक, देखभाल करने वाली हो तो मैंने कहा- मुझे लगता है कि मैं ओवर क्वॉलिफाइड हूं। एक समय आता है जब आप पूर्णता की तलाश बाहर करते हैं, जो जरूरी नहीं है। यह जरूरी नहीं है कि आप तभी पूर्ण होंगे जब एक अच्छा साथी आपके जीवन में आएगा। मुझे यह गलतफहमी थी। मैं अपने दिल की बात खुलकर कहती थी - लेकिन अब ऐसा नहीं है।

### दिव्या की आनेवाली फिल्म


दिव्या आखिरी बार फिल्म छावा में दिखीं। लक्ष्मण उटेकर निर्देशित इस फिल्म में विक्की कौशल ने छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई थी, साथ ही अक्षय खन्ना ने सम्राट औरंगजेब और रश्मिका मंदाना ने येसुबाई भोंसले की भूमिका निभाई थी। वहीं अब दिव्या अगली बार अर्जुन रामपाल के साथ नास्तिक में नज़र आएंगी। शैलेश वर्मा द्वारा निर्देशित इस फ़िल्म में इहाना ढिल्लन और हर्षाली मल्होत्रा भी हैं। फ़िल्म की रिलीज़ की तारीख अभी सामने नहीं आई है।

# यशराज फिल्म्स की जासूसी दुनिया में विक्की कौशल की 'नो एंट्री'



इस साल वैलेंटाइंस डे पर रिलीज हुई फिल्म 'छावा' की सफलता के बाद से अब तक इसके मुख्य कलाकार विक्की कौशल की कोई नई फिल्म घोषित नहीं हुई है। उनके पास इसके पहले से बन रही अब भी इकलौती फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' ही है। इस बीच उनके करीबियों ने फिल्म जगत में ये बात फैलानी शुरू कर दी है कि विक्की को यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स में एक बड़ा किरदार मिल गया है।

यशराज फिल्म्स की जासूसी दुनिया की अगली फिल्म 'वॉर 2' के पोस्ट प्रोडक्शन का काम इन दिनों जोरों पर है। बुधवार से फिल्म के मुख्य अभिनेताओं में से एक जूनियर एनटीआर ने अपनी डबिंग भी शुरू कर दी है। इस बीच मुंबई के एक अंग्रेजी अखबार में विक्की कौशल के यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स में शामिल होने की जैसे ही 'खबर' छपी, पूरे हिंदी फिल्म जगत में इसे लेकर बड़ी हलचल शुरू हो गई। विक्की कौशल की फीस एकाएक दोगुनी हो जाने की चर्चाएं भी हिंदी फिल्म जगत में बीते कुछ महीनों से चल रही हैं। इस बीच इस नई सुरसुरी ने सबके कान और खड़े कर दिए। इस बारे में 'अमर उजाला' ने तहकीकात की तो पता चला कि ये बात अभी तक सच नहीं है। यशराज फिल्म्स ने इस बारे में कोई आधिकारिक बयान वगैरह तो जारी नहीं किया है लेकिन उनकी जासूसी दुनिया से जुड़े फिल्म जगत के एक विश्वस्त सूत्र ने बताया कि ऐसा कोई डेवलपमेंट अभी तक यशराज फिल्म्स में नहीं हुआ है। तहकीकात के दौरान ये भी पता चला कि खुद विक्की कौशल ने इस बारे में अपनी तरफ से फीलर्स यशराज फिल्म्स को भेजे हैं। लेकिन, अभी कंपनी का पूरा ध्यान अगस्त में रिलीज हो रही अयान मुकर्जी निर्देशित ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी अभिनीत 'वॉर 2' पर ही है और इसके रिलीज होने के तुरंत बाद आलिया भट्ट और शर्वरी की इसी जासूसी दुनिया की अगली फिल्म 'अल्फा' को रिलीज करने की तैयारियां शुरू हो जाएंगी। यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'पठान 2' पर भी काम शुरू होने की चर्चाएं काफी दिनों से चलती रही हैं, लेकिन बताया जाता है कि शाहरुख खान के साथ अभी इस फिल्म की पटकथा पर बैठकें होनी बाकी हैं और ये फिल्म उनकी अपनी होम प्रोडक्शन फिल्म 'किंग' की शूटिंग पूरी होने के बाद ही शुरू हो सकेगी।



# रश्मिका की तारीफ में बोले नागार्जुन वो टैलेंट की पावरहाउस है

धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कुबेर' लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। हाल ही में मुंबई में फिल्म का म्यूजिक लॉन्च इवेंट हुआ, जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट नजर आई। इस दौरान सुपरस्टार नागार्जुन ने फिल्म की शूटिंग के अपने अनुभव और कलाकारों को लेकर बात की। नागार्जुन ने फिल्म के निर्देशक शेखर कम्मुला और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की भी तारीफ की।

### उत्तर भारत में मेरी फिल्मों को हमेशा मिली सराहना

इवेंट के दौरान नागार्जुन ने बोलते हुए कहा, जब भी मैं मुंबई आता हूं, एयरपोर्ट से होटल और इवेंट तक, हर जगह मुझे ऑडियंस का ढेर सारा प्यार और अपनापन मिलता है। लोग मुझसे हमेशा कुछ नया और बड़ा करने की उम्मीद रखते हैं। अपने करियर की शुरुआत से ही, चाहे वो 'शिव' हो, 'खुदा गवाह', 'क्रिमिनल', 'जख्म' या 'अंगारे', मुझे उत्तर भारत की ऑडियंस ने हमेशा सराहा है। नार्थ में मेरी डब फिल्में भी यहां खूब पसंद की गई हैं। यहां के लोगों का मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

### पैन इंडिया सिनेमा ही भविष्य है

अभिनेता ने आगे कहा कि मैं उत्तर भारत की ऑडियंस का दिल से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने दक्षिण भारत की फिल्मों को इतना प्यार दिया। आजकल हर कोई पूरे भारत की फिल्में देख रहा है और सराह रहा है। पैन इंडिया फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। कुबेर तमिल, तेलुगू और हिंदी में रिलीज होगी। मुझे लगता है, यही इंडियन सिनेमा का भविष्य है।

एक जैसे रोल बार-बार नहीं कर सकता फिल्म के बारे में बात करते हुए नागार्जुन ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। जब मुझे यह ऑफर मिला, मैं सोच रहा था कि आगे क्या नया करूं। एक जैसे रोल बार-बार नहीं कर सकता। तभी शेखर कम्मुला, जिनके साथ मैं 15 साल से काम करना चाहता था, मेरे पास आए और बोले- क्या आप ये रोल करना चाहेंगे? मैंने बिना पूछे हां कर दी, क्योंकि मैं जानता था कि शेखर कम्मुला शानदार फिल्ममेकर हैं, उनकी इमोशंस बहुत सच्ची हैं। जब मैंने हां कहा तो शानदार स्टारकास्ट भी जुड़ गई। मुझे जिम सरभ के साथ काम करने का मौका मिला, जो कमाल के कलाकार हैं। उन्होंने मुझसे भी बेहतर तेलुगू डायलॉग बोले। दलिप साहब के साथ भी काम करना शानदार रहा।

### रश्मिका टैलेंट की पावरहाउस हैं

रश्मिका मंदाना की तारीफ करते हुए नागार्जुन ने कहा कि रश्मिका टैलेंट की पावरहाउस हैं। उनकी पिछली तीन साल की फिल्मोग्राफी शानदार रही है। उनकी फिल्में 2000-3000 करोड़ रूपए का कलेक्शन करती हैं। वह हम सभी से बेहतर हैं। वह बहुत मेहनती हैं। मैंने डबिंग थिएटर से ही उन्हें फोन कर उनकी तारीफ की। वह फिल्म में शानदार, स्पॉन्टेनियस और ऑडियंस को खूब हंसाने वाली हैं। फिल्म का हिस्सा बनने के लिए मैं उनका धन्यवाद करना चाहता हूं।



# सरकार ने विकास कार्यों का इतिहास रचाः नवाब सिंह नागर



**नोएडा ( चेतना मंच )।** केन्द्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में जितनी उपलब्धियां हासिल की हैं। उतनी पिछले दशकों में कभी नहीं हुई। इस दौरान देशहित में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। वहीं जनकल्याणकारी कई नीतियां लागू की गई। यह कहना था पूर्व मंत्री तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता नवाब सिंह नागर का। वे सेक्टर-116 स्थित भाजपा कार्यालय पर 11 साल बेमिसाल के संबंध में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल द्वारा सेक्टर 116 नोएडा में आयोजित 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत 'विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया।

श्री नागर ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पिछले 11 वर्षों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों और जनकल्याणकारी नीतियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सह मीडिया प्रभारी किसान मोर्चे अमित त्यागी,राम कृष्ण यादव,डिम्पल आनंद, राजेन्द्र अवाना, घनश्याम यादव, मयंकेश्वर, देशराज ठाकुर, शिवम श्रीवास्तव एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।




# आम आदमी पार्टी ने चलाया सफाई अभियान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रदेश नेतृत्व एवं आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देशनुसार, प्रत्येक माह आयोजित होने वाले रचनात्मक अभियानों की श्रृंखला में जिला अध्यक्ष राकेश अवाना के नेतृत्व में बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान,सेक्टर-30, नोएडा, गौतमबुद्धनगर स्थित सरकारी अस्पताल में सफाई अभियान का आयोजन किया गया।

अभियान के अंतर्गत अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, कूड़ा प्रबंधन, स्वच्छता जागरूकता और श्रमदान जैसे कार्यों को सक्रियता से संपन्न किया गया। इस अभियान ने यह स्पष्ट किया कि आम आदमी पार्टी केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं, बल्कि सेवा, स्वाभिमान और स्वच्छता को भी प्राथमिकता देती है।

जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने कहा प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में पार्टी जनसरोकारों को सर्वोपरि रखती है। यह सफाई अभियान न केवल एक सेवा कार्य था,बल्कि यह संदेश देने का माध्यम भी था कि राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता नहीं,समाज का निर्माण भी है। हम हर माह ऐसे प्रयासों से समाज को जोड़ने का कार्य करेंगे।



युवा प्रकोष्ठ प्रदेशअध्यक्ष पंकज अवाना ने कहा कि यह सफाई अभियान युवा शक्ति की सकारात्मक दिशा का प्रतीक है।

# सेक्टर-55 में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा सेक्टर 55 स्थित सामुदायिक केंद्र में यश कृष्णा मेमोरेबल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नोएडा डायबिटिक फोरम के सहयोग से लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

यश कृष्णा मेमोरेबल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राजीव अजमानी ने बताया कि इस शिविर में 240 लोगों की ई.सी.जी., ब्लड ग्लूकोज, एचबीए1सी, लंग्स टेस्ट, ऑख - कान - गला, यूरिक एसिड, फिरब्रोस्कैन, बॉडी मास इंडेक्स, ईसीजी की जांच की गई, इस शिविर में शहर के प्रमुख अस्पतालो के 20 से अधिक डॉक्टरों ने लोगो के स्वास्थ्य की जांच की।

शिविर में फोरम के चेयरमैन प्रताप मेहता, महासचिव व शिविर इंचार्ज संतोष और संजय शर्मा, अतुलकांत वर्मा, पंकज जिंदल, यश कृष्णा मेमोरेबल चैरिटेबल के ट्रस्टी अशोक अजमानी, संजीव अजमानी, रजत अजमानी एवं सेक्टर-55 आरडब्ल्यू के कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, संयुक्त सचिव नीरज शर्मा, कुलदीप शर्मा, के. डी. शर्मा शामिल हुए।





# जैन मंदिर में हुआ योग संगम

## उद्यान निदेशक समेत सभी ने किया पौधारोपण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सेक्टर 50 नोएडा अर्हं योग प्रणेता 108 मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर योग संगम श्रृंखला का उद्घाटन समारोह हरित योग भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सामूहिक योग सत्र के साथ पौधों का वृक्षारोपण भी किया । आज के योगा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरुष,महिलाओं तथा बच्चों ने भाग लिया और मुनिराज से आशीर्वाद भी लिया।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्राधिकरण के उद्यान विभाग के निदेशक आनंद मोहन तथा अन्य लोगों के द्वारा पौधे भी लगाए गए।

विश्व जैन संगठन के अध्यक्ष के के जैन ने बताया इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, योग महाकुंभ नामक एक भव्य श्रृंखला का आयोजन 15 से 21 जून 2025 तक कर रहे हैं, जिसमें नौएडा के विभिन्न स्थलों पर विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सामूहिक योग सत्र के साथ पौधों का वृक्षारोपण भी किया जाएगा जो योग और पर्यावरण संरक्षण के अद्भुत संगम को दर्शाएगी।



# डीएम ने योग सप्ताह का किया शुभारंभ



**नोएडा ( चेतना मंच )।** डीएम मनीष कुमार वर्मा ने नोएडा स्टेडियम सेक्टर 21 नोएडा में 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए' थीम पर आधारित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में 15 जून से 21 जून 2025 तक चलने वाले योग सप्ताह का विधिवत रूप से शुभारंभ किया, जिसमें स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों, एनसीसी, एन एस ए स्वयंसेवी संस्थाओं, योग संस्थाओं एवं जन सामान्य को योग प्रशिक्षकों द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया गया तथा संवाद के माध्यम से योग से होने वाले लाभों से परिचित भी कराया। इस दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के साथ अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी योग अभ्यास किया।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी धर्मेंद्र कुमार केम ने बताया कि योगाभ्यास के दौरान गैर सरकारी संस्थानों, आर्ट ऑफ लिविंग आदि के साथ-साथ लगभग 250 लोगों ने प्रतिभाग किया। साथ ही इस दौरान आरोग्य इंडिया वैलनेस सेंटर द्वारा द्वारा निशुल्क हेल्थ जांच शिविर का अभी आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में योग पर आधारित बुकलेट भी आम जनमानस के बीच वितरित की गई। इस अवसर पर जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रीति सिंघल तथा आयुष विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



**दिल्ली के यमुना विहार में ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पं. पीतांबर शर्मा उपस्थित हुए। इस मौके पर आयोजन कर्ताओं ने उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया।**



**अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पं. पीतांबर शर्मा ने पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्रा के नोएडा स्थित आवास पर उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने समाज को किस तरह मजबूत किया जाए और कैसे समस्याओं का निराकरण किया जाए इस विषय पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर उनके साथ डॉक्टर बंदना वशिष्ठ, मास्टर रामकुमार शर्मा, अनिल शर्मा, पूर्व विधायक सतीश शर्मा, बंगाल के विधायक अरविंद भट्टाचार्य आदि मौजूद थे।**

# हवन तथा पूजन के साथ श्रीराम कथा का समापन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-93 सुपर एमआईजी सनातन धर्म मंदिर पर चल रही श्रीराम कथा का आज विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। सभी भक्तों ने दो कुन्डीय हवन कुंड पर सामूहिक हवन एवं आरती की। उसके बाद कथा व्यास अनंत विभूषित महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी पंचमानंद जी महाराज का आशिर्वचन सुना। तत्पश्चात कन्या पूजन किया गया, कन्या भोजन के बाद सभी भक्तजनों को पंडाल में बैठाकर महाप्रसाद वितरित किया गया।

इस मौके पर वीरेन्द्र द्विवेदी, राजवीर सिंह, राजेश कुमार गुप्ता,राज दूबे, विजय झा, संतोष कुमार शुक्ला, प्रभाकर सिंह, सुखपाल शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, देव मणि शुक्ल, रवि राघव, रमेश कुमार वर्मा, गोरे लाल, संगम प्रसाद मिश्र, विकास शर्मा, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, अनिल चौधरी, सर्वेश कुमार तिवारी, राकेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, राम भजन सिंह, संदीप पांडेय, हंस मणि शुक्ल,विनय त्रिवेदी, सी एल तिवारी, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, रंजन गिरि, अनिल कुमार पांडेय (अलीपुर), रमेश चंद्र दास, संजय कर्ण, अजय सिंह, अवनीश तिवारी, अनिल कुमार शर्मा, दिनेश पाठक, अभिशेष सिंह, अनमोल सिंह, विवेक सिंह, प्रांजल शुक्ला, अनमोल सिंह, पीयूष शुक्ल, सिद्धार्थ वर्मा, अंशुमान मिश्रा, मधुर राघव, मुक्तेश भारद्वाज, मार्कंडेय मिश्रा, श्रीमती नीलम द्विवेदी, श्रीमती मंजू गुप्ता, श्रीमती सचिता राय, श्रीमती रेशमा दूबे, श्रीमती संतोष सिंह, श्रीमती संतोष सिंह , कृष्णा राठौर, श्रीमती कोमल राठौर, सुमन द्विवेदी, संध्या तिवारी, आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

